धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
28.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 20

# खबर मन्त्र




khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 197

श्री शिबू सोरेन
दिसोम गुरु

श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## 76 वें गणतंत्र दिवस

एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिलावासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आइये हम सभी मिलकर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हांथो को बजबूत करें
व राज्य के विकास में सहभागी बनें।



J.M.M

**वैद्यनाथ राम**
पूर्व मंत्री सह
झामुमो केन्द्रीय उपाध्यक्ष
झारखंड

## 76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा

के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिलावासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आइये सभी मिलकर
माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
के हांथो को मजबूत करें।

**प्रकाश राम**
भाजपा विधायक
लातेहार विधानसभा क्षेत्र



## 76 वें गणतंत्र दिवस

एवं सरस्वती पूजा

के पावन अवसर पर चंदवा प्रखंड समेत समस्त लातेहार जिलावासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



आईये हम सभी मिलकर
माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
के हांथो को मजबूत करें व उनके द्वारा चलाये जा रहे
लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभारी बने।

**अमित कुमार**

**भाजपा परिवार चंदवा**

महेन्द्र प्रसाद साहू, राजकुमार पाठक, आशिष सिंह, संजय साहू, विजय दुबे, जयराम साहू, मंजू देवी, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मनिष गुप्ता, हिरामणी देवी, भुनेश्वर प्रजापति, राजेश गंझू, विभा साहू, विनोद कुमार बिनू, सेट्टी सिंह, सचिन कुमार, रिकी वर्मा, संटू कुमार गुप्ता, दुर्गा ठाकुर, सूर्य नारायण साहू, विरेन्द्र प्रसाद, प्रेमनाथ साहू, सुनिल मुंडा, उमेश गंझू, देवमणि वैद्य, आशिष लाल, प्रदीप ठाकुर, राजन भगत, शशि देवी, श्रुति देवी, शंकर मुंडा, मनोज पाठक, मुरारी साव, रामकिशुन गंझू, जनक महतो, अमित सिंह, शर्मा गंझू, संतन साहू, अर्जुन यादव, रविन्द्र साव, यमुना चौधरी, मदन साव, अमित कुमार व समस्त भाजपा कार्यकर्ता।

निवेदक:- भाजपा मंडल कमिटि चंदवा

## आर. के. ट्रांसपोर्ट चंदवा

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर
लातेहार जिला समेत समस्त देश वासियों को
ढेर सारी शुभकामनाएं।

आइये हम सभी मिलकर
आइये हम सभी मिलकर देश के समृद्धि में सहभागी बनें।



रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे



अमित कुमार

## खाली कराया गया पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के प्रेस सलाहकार का बंगला

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के प्रेस सलाहकार चंचल गोस्वामी का बंगला खाली करा दिया गया है। 26 जनवरी को उनका बंगला खाली कराया गया। चंचल गोस्वामी टाटा स्टील के कर्मचारी भी हैं। चंचल गोस्वामी ने चंपाई सोरेन के कार्यकाल में टाटा स्टील के एक बड़े बंगले को अपने नाम से अलॉट करवाया था। लेकिन अब चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं, इसलिए उनसे यह बंगला वापस ले लिया गया है।

## पंजाब में बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया: बाबूलाल



**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, जब पूरा देश संविधान और लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहा था, तब पंजाब के अमृतसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की सबसे बड़ी मूर्ति तोड़े जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

इस कायराना हरकत ने न केवल बाबा साहब के सम्मान को ठेस पहुंचाई, बल्कि भारतीय संविधान और दलित समाज का भी अपमान किया है। हाथ में संविधान लेकर हर जगह घूमने वाले राहुल गांधी और हर मंच पर दलितों के अधिकारों की बात करने वाले इंडिया गठबंधन के नेताओं की चुप्पी इस मामले में शर्मनाक है। यह घटना सीधे-सीधे आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन की नीयत और बाबा साहब के प्रति उनकी कथित निष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**
**(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )**

**Notice Inviting Tender**

**Enquiry No- 22** **Dated- 25.01.2025**

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/ contractors having relevant experience in Civil Works, for fencing jali for Co-operative Building at Netarhat Residential School.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Fencing Jali for Co-operative Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Fencing Jali for Co-operative Building at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 08.01.2025 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 27.01.2025 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 07.02.2025 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 07.02.2025 at 01.30 P.M. (Technical Bid)<br>08.02.2025 at 01.30 P.M. (Financial Bid) |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR 345149 Human Resource Developement(24-25).D


राजधानी के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल ने किया झंडोत्तोलन, कहा

# महान लोकतंत्र का आधार है हमारा संविधान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में और मुख्यमंत्री हेमंमत सोरेन ने उप राजधानी दुमका में झंडोत्तोलन किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है।

हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार है- हमारा संविधान। हमारा संविधान लोकतंत्र का एक पवित्र ग्रंथ है, जो हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसका पूरा सम्मान करें, क्योंकि संविधान किसी भी राष्ट्र की शासन प्रणाली का मजबूत आधार होता है।

हमारा संविधान शासन की प्रकृति और प्रक्रिया को परिभाषित करता है। इसी के माध्यम से विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना और उनके काम-काज के नियम निर्धारित किये जाते हैं।

राज्यपाल ने जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि वह संविधान के अनुसार अपने कार्यों व कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपना पद संभालने से पहले संविधान की शपथ लेते हैं।

उन्होंने कहा, झारखंड के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आह्वान करता हूं कि वे संविधान के अनुसार अपने कार्यों व कर्तव्यों का निर्वहन करें। हमारा संविधान अनेक शाश्वत मूल्यों को अपने-आप में समाये हुए है, जो हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। हमें संविधान मे निहित मूल्यों को अत्यधिक सावधानी और सतर्कता के साथ संरक्षित करने की आवश्यकता है।राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता की कुंजी सुशासन में है। गण के प्रति शासन-तंत्र की जवाबदेही में है। नागरिकों के प्रति प्रशासन की जिम्मेदारी को समझना और उसे पूरा करना सरकार का परम कर्तव्य है।

राज्य सरकार प्रदेश को खुशहाल बनाने एवं प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने के साथ अपने इस कर्तव्य का निर्वहन कर रही है और एक पारदर्शी, संविधाननिष्ठ और संवेदनशील, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की स्थापना की ओर अग्रसर है। हमारा झारखंड आज प्रत्येक क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। झंडोत्तोलन से पहले राज्यपाल ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दीपाटोली स्थित झारखंड युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सूचना जनसंपर्क विभाग की झांकी को मिला पहला स्थान



रांची। मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्य सरकार के 11 विभागों की झांकियां प्रदर्शित की गयी। इसमें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की झांकी को पहला, महिला बाल विकास विभाग की झांकी को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान पर स्कूली शिक्षा विभाग की झांकी रही। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की झांकी में स्वर्णिम झारखंड की विरासत और विकास को प्रदर्शित किया गया। महिला-बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की झांकी में महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने को प्रदर्शित किया गया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से गणतंत्र दिवस के राजकीय समारोह में प्रदर्शित झांकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। बालिका शिक्षा अब हर एक बच्ची बनेगी सशक्त थीम पर आधारित झांकी में विभाग के स्तर से बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए संचालित कार्यक्रमों को दशार्या गया था।

## निशिकांत दुबे समेत अन्य को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत,

**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और संजय सेठ समेत अन्य नेताओं के खिलाफ वर्ष 2023 में सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अभय ओका और जस्टिस भुइयां की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की।

# सहकारिता क्षेत्र में वही करें, जो राज्यहित में हो : अलका तिवारी

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में हमें वही करना है, जो राज्यहित में हो। वह सोमवार को राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य के संसाधनों और अधिकतम लोगों की जरूरत के अनुसार ही सहकारिता विकास की योजना तय करें। कुछ जिलों में सहकारिता बैंक की शाखा खोलने के मुद्दे पर उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक पहले अपनी स्थिति मजबूत करे, फिर विस्तार की योजना पर काम करे। उन्होंने कहा कि वैसी विकास योजनाएं न लें, जो बाद में राज्य पर बोझ साबित हों।

वहीं सहकारिता विभाग के कुछ प्रस्तावों पर उन्होंने और कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्ताव राज्य के इको सिस्टम के अनुरूप होने चाहिये। बैठक में कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीकी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, राजस्व सचिव चंद्रशेखर, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, निबंधक सहयोग समितियां सूरज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**राज्य के 1270 लैम्पस-पैक्स ऑनलाइन हुए :** राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक में बताया गया कि राज्य के चयनित 1500 लैम्पस-पैक्स में से 1270 कंप्यूटरीकृत होकर ऑनलाइन हो चुके हैं। शेष 230 समितियों को 31 मार्च तक कंप्यूटरीकृत कर लेने का लक्ष्य है। वहीं राज्य के शेष बचे 2949 लैम्पस-पैक्स के कंप्यूटरीकरण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। जो लैम्पस-पैक्स ऑनलाइन हो गये हैं, उन्हें प्रज्ञा केंद्र के रूप में सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए बैठक में इन समितियों को झारसेवा लॉगिन आइडी देने का निर्णय लिया गया।

**13 लाख क्विंटल से अधिक खरीदी जा चुकी है धान :** बैठक में बताया गया कि 724 धान अधिप्राप्ति केंद्रों से 25 जनवरी 2025 तक कुल 1306356.33 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी की निर्धारित अवधि कम होने को ध्यान में रखते हुए शेष 75 क्रय केंद्रों को कार्यशील बनाते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 100 प्राथमिक दुग्ध सहकारी समिति के निबंधन के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 65 का निबंधन हो चुका है, जबकि 37 निबंधन के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं।

**2.57 लाख टन हुआ मत्स्य उत्पादन :** राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 में तीन लाख टन मछली उत्पान के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2.57 लाख टन उत्पादन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह उत्पादन 2.80 लाख टन था। बताया गया कि अमृत सरोवर मिशन के तहत प्रत्येक जिले में निर्मित एवं विकसित सरोवरों में मत्स्यजीवी सहयोग समितियां लि. के गठन के लिए सहकारिता एवं मत्स्य प्रभाग में समन्वय कर अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 33 प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति का गठन हो चुका है।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

बैठक में गोदाम निर्माण, लैम्पस-पैक्स को कमरा उपलब्ध कराने, रसोई गैस डिस्ट्रिब्यूटरशिप, रिटेल पेट्रोल-डीजल आउटलेट खोलने, विभिन्न जिलों में जन औषधि केंद्र खोलने, उर्वरक लाइसेंस, लैम्पस-पैक्स को पीएम किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करने, झारखंड में नवनिर्मित सहकारी प्रशिक्षण संस्थान को इंस्टीट्यूट ऑफ कोआपरेटिव मैनेजमेंट के रूप में विकसित करने इत्यादि मसलों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## सीएम से मिले तमिलनाडु राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और बीएयू के वीसी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तमिलनाडु राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष फादर जो अरुण और प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स कॉलेज कोलकाता फादर डोमिनिक सैवियो ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई। इसके बाद बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर डॉ एससी दुबे ने बीएयू मैदान में आगामी 8 फरवरी से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय किसान एग्रोटेक मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की बेल पर हाईकोर्ट ने हजारीबाग एसपी से मांगा जवाब

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने हजारीबाग एसपी के जवाब पर असंतोष जाहिर करते हुए उनसे पूछा है कि अनुसंधानकर्ता (इन्वेस्टिगेटिंग ऑफीसर) अगर बीमार रहने के कारण गवाही देने नहीं आ रहे थे तो क्या उन्होंने छुप्ती का आवेदन दिया था? अगर उन्होंने छुप्ती का आवेदन दिया था तो उसे अगली सुनवाई में प्रस्तुत करें। क्योंकि जिस मामले में बेल मांगी गई है उस मामले में सिर्फ अनुसंधानकर्ता की ही गवाही बची है।

## भिनसरिया राग के लिए विख्यात हैं महाबीर नायक: मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने झारखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक महाबीर नायक को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री मरांडी ने कहा कि प्रदेश भाजपा ने झारखंड की प्रतिभाओं को लगातार पद्म अलंकरण से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भिनसरिया राग के लिए विख्यात महाबीर जी ने नागपुरी गीतों के माध्यम से झारखंड की कला व संस्कृति की समृद्धि एवं संरक्षण में अतुल्य योगदान दिया है।

### यह झारखंड का सम्मान है : डॉ रविंद्र

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि मोदी सरकार लगातार झारखंड की प्रतिभाओं को पद्म अलंकरण से सम्मानित कर रहे हैं। यह झारखंड की कला संस्कृति व साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।**
**Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com**

**आम सूचना**

आमजनों को सूचित किया जाता है कि उरवाँ स्थित झील रेस्टूरेंट के पास मेन पाईप लाईन शिफ्टिंग / मरम्मति का कार्य होने के कारण झुमरीतिलैया/कोडरमा शहरी जलापूर्ति योजना दिनांक 28.01.2025 से 30.01.2025 तक जलापूर्ति बाधित रहेगी।

असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
झुमरीतिलैया।

PR 345186 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला पंचायत शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय स्तर पर डोर टू डोर सर्वे का कार्य किया गया है। **झुमरी तिलैया, नगर परिषद् वर्ग (ख), कोडरमा, नगर पंचायत एवं डोमचाँच, नगर पंचायत** का डोर टू डोर सर्वे के उपरान्त प्रपत्र–01 को संबंधित नगर निकाय कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं कोडरमा जिला के वेबसाईट koderma.nic.in पर **दिनांक 25–01–2025** को प्रकाशित किया जाता है।

प्रकाशित प्रपत्र–1 पर यदि किन्हीं व्यक्ति का कोई दावा/आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से **07 दिनों** के अन्दर संबंधित नगर निकाय के शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–प्रशासक के समक्ष अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। समय–सीमा समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR345154 (Panchayati Raj)24-25*D



**अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(गोपनीय शाखा)**

**अत्यावश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला शहर की बढ़ती जनसंख्या एवं वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण गुमला शहर की यातायात व्यवस्था के साथ–साथ शहर में व्याप्त विभिन्न प्रकार की ज्वलंत समस्याओं एवं दिनचर्या में शामिल समस्याओं के संबंध में आमजनों से विचार/सुझाव प्राप्त किये जाने हेतु **उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में दिनांक 30.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नगर भवन, गुमला** में एक आवश्यक बैठक आहुत की गई है।

अतः गुमला शहर के सभी बुद्धिजीवी आमजनों से अनुरोध है कि गुमला शहर के दैनिक समस्याओं के निराकरण, विकास एवं सौन्दर्यीकरण की दिशा में यदि आप अपना कोई सुझाव/मंतव्य/विचार जिला प्रशासन से साझा करने चाहते हैं तो **दिनांक 30.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नगर भवन, गुमला में** आहुत बैठक में सम्मलित होकर अपने सुझाव/विचारों से अवगत कराने का कष्ट किया जाय।

अनुमण्डल पदाधिकारी,
गुमला

PR 345137 (District)24-25*D


# हाईकोर्ट ने मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर पीआईएल किया बंद



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच के संबंध में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस जनहित याचिका को निष्पादित करते हुए बंद कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अब इसमें कोई मुद्दा शेष नहीं है, पुलिस और एसीबी की ओर से मामले में जांच की गई है। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है।

बता दें कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में 200 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी की डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में खूंटी पुलिस से जांच लेकर एसीबी को सौंपा गया। प्रार्थी ने आरोप लगाया था कि एसीबी से पूरे मामले की जांच करायी गयी, लेकिन उसमें तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच नहीं की गयी। उपायुक्त के द्वारा ही चेक पर हस्ताक्षर किया जाता था। उनकी भूमिका की इडी से जांच कराने का आग्रह किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी ने जनहित याचिका दायर कर खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच कराने की मांग की थी। बाद में हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

## आदेश का अनुपालन नहीं होने पर हाईकोर्ट ने दिया मुख्य सचिव के विरुद्ध अवमानना नोटिस जारी करने का निर्देश

**रांची।** भूमि अधिग्रहण विस्थापित एवं पुनर्वास किसान समिति की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि पूर्व के आदेश का अनुपालन किया गया है या नहीं। प्रार्थी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अदालत के आदेश का अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। जिसपर नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट ने राज्य की मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा सोमवार को अदालत में पक्ष रख रहे थे। दरअसल भूमि अधिग्रहण विस्थापित एवं पुनर्वास किसान समिति की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर कहा गया है कि खनन विभाग में एक ही व्यक्ति को दो पदों पर रखा गया है जो नियम विरुद्ध है।

## खान विभाग के सचिव हाईकोर्ट में हुए हाजिर, प्रार्थी को सरकार के जवाब का प्रतिउत्तर देने का निर्देश

रांची। पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच कराने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में खनन विभाग के सचिव सशरीर हाजिर हुए। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इसपर प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में खान विभाग के सचिव के सशरीर उपस्थित पर छूट प्रदान की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताया था।

बता दें कि पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है। झारखंड सरकार ने दुमका और पाकुड़ जिले में पैनम माइंस नाम की कंपनी को कोयला खनन का लीज सौंपा था लेकिन आरोप है कि कंपनी ने लीज से ज्यादा कोयला खनन किया है। जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने जनहित याचिका दाखिल दायर की है।

उत्तराखण्ड शासन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

INDIA

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25

# संकल्प से शिखर तक

## 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखण्ड

28 जनवरी-14 फरवरी, 2025

का



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

## उद्घाटन

### नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**डॉ. मनसुख मांडविया**
मंत्री, खेल, युवा मामले, श्रम एवं रोजगार
भारत सरकार

**ऋतु खंडूड़ी भूषण**
अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधानसभा

**रक्षा निखिल खडसे**
राज्य मंत्री, युवा मामले एवं खेल, भारत सरकार

**रेखा आर्या**
मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण, उत्तराखण्ड

**डॉ. पी.टी. ऊषा**
अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ
एवं सांसद

**क्रिस जेनकिंस**
अध्यक्ष, राष्ट्रमंडल खेल

28 जनवरी, 2025 | सायं: 4 बजे | महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून

### देवभूमि से खेलभूमि

- देहरादून, ऋषिकेश टिहरी, ऊधमसिंह नगर, हल्द्वानी, हरिद्वार, नई टिहरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन
- देशभर के लगभग 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे
- 35 खेलों में प्रतियोगिताएं
- उत्तराखण्ड के लिए खेलों की मेजबानी का ऐतिहासिक अवसर
- युवाओं को प्रेरित करने के लिए खेल संस्कृति को बढ़ावा
- उत्तराखण्ड के खेल परिदृश्य के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर

### आकर्षण

- मौली (मैस्कट): युवा एथलीटों को ऊंचे लक्ष्य की ओर प्रेरित करने वाला उत्तराखण्ड का राज्य पक्षी मोनाल
- तेजस्विनी (मशाल): परंपरा, एकता और खेल भावना का प्रतीक
- पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल, पवनदीप राजन और पांडवास समूह द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
www.38nguk.in

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
DD न्यूज़ पर देखें।



मौली (मैस्कट)



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा
के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला एवं झारखंड वासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आईये हमसभी मिलकर झामुमो से जुड़कर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हांथो को मजबूत करें।
राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को कृत संकल्पित।
झा.मु.मो.
लाल मोतीनाथ शाहदेव
संयोजक प्रमुख
सह पूर्व जिलाध्यक्ष लातेहार


76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर
समस्त लातेहार जिला एवं झारखंड राज्यवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आइये हम सभी मिलकर
लातेहार जिले के
विकास व अग्रणी बनाने में
अपना
बहुमूल्य योगदान दें।
राजेश नाथ शाही
समाजसेवी
चंदवा लातेहार


76 वें
गणतंत्र दिवस
एवं सरस्वती पूजा
के पावन अवसर पर मनिका विधानसभा
समेत समस्त लातेहार जिलावासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मनिका विधानसभा क्षेत्र के
चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंल्पित।
आईये हमसभी मिलकर
माननीय राहुल गांधी
व कांग्रेस पार्टी के हांथो को मजबूत करें।
रामचंद्र सिंह
कांग्रेस विधायक
मनिका विधानसभा क्षेत्र


76 वें गणतंत्र दिवस
एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर लातेहार जिला
समेत संपूर्ण चतरा संसदीय क्षेत्र वासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आईये हमसभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के
हांथो को मजबूत कर देश एवं चतरा संसदीय क्षेत्र के विकास में सहभागी बनें।
केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का
लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित
कालीचरण सिंह
माननीय सांसद चतरा लोकसभा क्षेत्र
निवेदक:-भाजपा परिवार लातेहार


76 वें
गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा
के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला एवं झारखंड
राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
लातेहार जिले के विकास में हम सभी मिलकर सहभागी बनें।
मुकेश कुमार सिंह
व्यवसायी सह
भाजपा नेता लातेहार


76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा
के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला एवं झारखंड राज्यवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
विशाल उपाध्याय
युवा व्यवसायी चंदवा


76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा
के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला एवं झारखंड राज्यवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
चेतलाल रामदास
युवा भाजपा नेता सह
व्यवसायी लातेहार


अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
टीको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप चंदवा
लातेहार (झारखंड)
76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
मान्यता एवं संबद्धता:- आरयू, जेएनआरसी, एनपीयू, जेएसी, जेएसपीसी, जेएसपीसीएम, पीसीआई, एनसीटीई
उपलब्धता एवं पाठ्यक्रम:- बीएससी नर्सिंग, एएनएम, बीएड $ डीईएलईडी, डी-फामेसी, ओटी, डीएमएलटी, ड्रेसर
संपर्क सूत्र-7782054270/8987470640 (आपका-अविराम परिवार)
इंद्रजीत भारती
सचिव
अविराम कॉलेज

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
28.01.2025
नगर संस्करण। पेज : 20

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष,चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 197



14 न सुशासन, न रोजगार, सिर्फ फ्रीबीज की बौछार

## न्यूज डायरी

### ट्रक ने चार को रौंदा तीन लोगों की मौत, एक गंभीर

**रांची।** गिरिडीह जिले में अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने एक के बाद एक दो घटनाओं को अंजाम देते हुए चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी। एक की हालत गंभीर है। हादसे के बाद भागते हुए ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और ट्रक को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझायी। ट्रक ड्राइवर मौके का फायदा उठा कर फरार हो गया।

### महिला हॉकी लीग ओड़िशा वॉरियर्स चैंपियन

**रांची।** ओडिशा वॉरियर्स ने रोमांचक मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर रांची में आयोजित महिला हॉकी लीग का खिताब अपने नाम कर लिय। जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 26 फाइनल मुकाबले में ओडिशा वॉरियर्स ने यह खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम सीएम हेमंत सोरेन ने ट्राफी और को डेढ़ करोड़ का चेक सौंपा। इस मौके पर सीएम ने कहा, खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### सीएस के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी करने का निर्देश

**रांची।** भूमि अधिग्रहण विस्थापित एवं पुर्नवास किसान समिति की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की कोर्ट ने पूछा कि पूर्व के आदेश का अनुपालन किया गया है या नहीं। प्रार्थी के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है। कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

# राज भवन में बैंड डिस्प्ले ने सबका मन मोहा

## सीएम, पूर्व सीएम, सांसद, मंत्री-विधायक, अधिकारी थे मौजूद

### बैंड डिस्पले एट होम कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोहके उपलक्ष्य में सोमवार की शाम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की मौजूदगी में राज भवन में बैंड डिस्प्ले और एट होम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स, प्रथम बटालियन जम्मू एवं कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, जैप-1, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची एवं विवेकानंद विद्या मंदिर, रांची की टीमों द्वारा मनमोहक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया। मौके पर सीएम हेमंत सोरेन, तमाम मंत्री, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा समेत कई सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, डीजीपी, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति, अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### झांकी में मंइयां सम्मान योजना फर्स्ट

इस मौके पर राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस समारोह में झांकी, परेड एवं बैंड प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।झांकी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को की मइंयां सम्मान योजनी की झांकी को प्रथम, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा को द्वितीय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को तृतीय, परेड में सेना को प्रथम, जैप- 1 को सेकेंड, डीएपी( महिला) को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, जैप-(महिला बटालियन)10 को द्वितीय एवं सेना को विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने इन विजेताओं को पुरस्कार दिये।

# भेदभाव भूल कर मजबूत राज्य बनाने का संकल्प लें : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री ने हेमंत सोरेन ने जनता से अपील की कि हम ऐसे राष्ट्र और राज्य के निर्माण का संकल्प लें, जिसकी परिकल्पना हमारे संविधान निमार्ताओं ने की है। एक ऐसा राज्य जहां हर व्यक्ति का अधिकार सुरक्षित हो, सबको विकास का समान अधिकार मिले। कमजोर से कमजोर व्यक्ति की भी आवाज सत्ता के शीर्ष स्तर तक पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि हम एक मजबूत राज्य का निर्माण करने में तभी सफल होंगे जब लोगों के बीच जाति, नस्ल और रंग का भेद भुलाकर सामाजिक भाईचारा को सर्वोच्च स्थान दिया जाये। श्री सोरेन 26 जनवरी को उप राजधानी दुमका में झंडोत्तोलन के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में अनेक मंत्री, विधायक, नेता और तमाम अधिकारी मौजूद थे। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष गंगवार ने झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी।

### हेमंत सोरेन ने किया सम्मानित

इस मौके पर सीएम ने स्व पतरू राय की आश्रित पत्नी परवतिया देवी (ग्राम- परसदाहा, प्रखंड- सरैयाहाट, जिला- दुमका) को सम्मानित किया। परेड में हिस्सा लेने वाली एनसीसी +2 (बालिका) दुमका को प्रथम , आइआरबी- 01 जामताड़ा महिला प्लाटून को दूसरा और गृह रक्षा वाहिनी दुमका को तीसरा पुरस्कार मिला। वहीं झांकियों में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को पहला, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, दुमका को दूसरा और पुलिस विभाग, दुमका को तीसरा पुरस्कार मिला। इस मौके में सीएम ने विभिन्न विभाग में सर्वश्रेष्ट काम करनेवाले रानी सोरेन, स्वाती राज, राजू बांद्रा, मेघा बेसरा, पवन कुमार मिश्रा, बासुकीनाथ चतुवेर्दी, अर्पिता प्रसाद, बसंती हेंब्रम को प्रशस्ति पत्र भी दिया।

## सरकार कलाकारों की मदद को सोचे : महाबीर नायक

**रांची।** पद्मश्री सम्मान के लिए मनोनीत झारखंड के महाबीर नायक ने कहा कि कलाकारों की कला के सम्मान के साथ साथ सरकार को उनकी आर्थिक स्थिति में कैसे सुधार हो, इसके लिए भी सरकार को जरूर सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से राज्य के कलाकारों को पेंशन देने की बात कही गयी थी लेकिन आज तक वह योजना धरातल पर नहीं उतरी। उन्होंने कहा, कला उनमें पिता-दादा से मिली है। दादा आनंद नायक और पिता खुद्दु नायक नागपुरी के बेहतरीन कलाकार रहे और वह प्रसिद्ध कवि घासी राम की कविताओं को गाते थे। वहीं से सुरों की समझ विकसित हुई। उन्होंने करीब 2000 नागपुरी गीत गाये। महाबीर नायक ने 400 से अधिक शिष्ट नागपुरी गीत भी गा चुके है। पुराने कवियों-गीतकारों के 5000 से ज्यादा गीतों के संकलनकर्ता भी हैं। रांची के हटिया के एचइसी विस्थापित नायम मोहल्ले के रहने वाले 82 वर्षीय नागपुरी लोक कलाकार महाबीर नायक को इस बात की तसल्ली और खुशी है कि उम्र के इस पड़ाव में उनकी कला को सम्मान पद्मश्री के रूप में मिला है।

## अतिम शाह ने कुंभ स्नान कर अक्षयवट में की पूजा-अर्चना की



**प्रयागराज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को महकुंभ के मौके पर संगम में पवित्र डुबकी लगायी और देश भर में सुख शांति की कामना की। उनके साथ उनका पूरा परिवार मौजूद थे। बाद में श्री शाह महाकुंभ नगर स्थित पवित्र अक्षयवट मंदिर पहुंचे। उनके साथ प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। अक्षयवट मंदिर में मुख्य पुजारी ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना की। अमित शाह ने सीएम और संत समाज के सदस्यों के साथ अक्षयवट की परिक्रमा की।

## वक्फ संशोधन बिल को जेपीसी की मंजूरी

### एनडीए के संशोधन स्वीकार, विपक्ष का हर बदलाव खारिज

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने सोमवार को एनडीए सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया और विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश हर बदलाव को नकार दिया। जेपीसी ने घोषणा की कि मसौदा रिपोर्ट 28 जनवरी तक सकुर्लेट कर दी जायेगी। 29 जनवरी को इसे औपचारिक रूप से अपना लिया जायेगा। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि समिति द्वारा अपनाये गये संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनायेंगे। विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को 'नष्ट' करने का आरोप लगाया।टीएमसी सांसद न`कहा समति अध्यक्ष ने वही सब किया जो उन्होंने पहले से तय किया था। उन्होंने हमें कुछ भी बोलने नहीं दिया। किसी भी नियम और प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। हम संशोधनों पर कलॉज-बाय-क्लॉज चर्चा करना चाहते थे, लेकिन हमें बोलने ही नहीं दिया गया। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने हमारी बातों को सुने बिना ही उन्हें घोषित कर दिया।




# 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


**बिपिन कुमार दुबे**
एसडीएम, महुआडांड


**संतोष कुमार बैठा**
सीओ सह बीडीओ, महुआडांड


**शंभु प्रसाद**
लातेहार भाजपा जिला मंत्री।


**संजय जायसवाल**
भाजपा मंडल अध्यक्ष, महुआडांड।


**अवनीश कुमार**
थाना प्रभारी, महुआडांड


**मो. इफ्तेखार अहमद**
झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता, महुआडांड।


**भुवनेश्वर सिंह**
लातेहार जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता महुआडांड लातेहार।


**सीताराम प्रसाद**
समाजसेवी, सेम्बरबुढ़नी, महुआडांड।

**डीलर संघ**
महुआडांड लातेहार।


**आमीर सुहैल**
प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष, महुआडांड।

**होटल संघ**
नेतरहाट।


**बिहारी जायसवाल**
समाजसेवी, महुआडांड।


**अजीत पाल कुजूर**
जिलाध्यक्ष, आदिवासी जिला कांग्रेस कमिटी लातेहार।


**अभय मिंज**
प्रखंड उपप्रमुख सह प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष महुआडांड।


**संदीप कुमार गुप्ता**
अंचल गार्ड सह समाजसेवी, महुआडांड।


**दीपेन्द्र नाथ शाह**
प्रखण्ड भाजयुमो अध्यक्ष, महुआडांड।


**अजय प्रसाद**
पूर्व पंसस सह समाजसेवी, नेतरहाट


**डॉ. अमित खलखो**
चिकित्सा प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड

**प्रो. अभिषेक कुमार (शालू)**
सुपर सेल्स पेट्रोल पम्प, महुआडांड।


**तरूण कुमार सिंह**
वनों के क्षेत्रीय पदाधिकारी, महुआडांड।


**बैजनाथ प्रसाद गुप्ता**
प्रोपराइटर संदीप हार्डवेयर & ममता फर्नीचर &समाज सेवी

**प्रो. सतीश कुमार गुप्ता**
शिवानियां समर्थ इंटरप्राइजेज महुआडांड़



# 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



आइये हम सभी मिलकर लातेहार जिले के विकास में अपनी भूमिका निभायें एवं लातेहार प्रखंड को राज्य का सबसे आदर्श व विकसित प्रखंड बनायें


**मनोज तिवारी**
प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार


**अरविंद देवाशीष टोप्पो**
अंचल अधिकारी लातेहार


**कुन्दन कुमार**
प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लातेहार


**हीरा सिंह**
लातेहार


**जन वितरण प्रणाली**
संघ लातेहार

## 76 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


**कालीचरण सिंह**
सांसद सह अध्यक्ष


**प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी**
प्राचार्य


**कृष्णा प्रसाद गुप्ता**
एनजीओ अध्यक्ष


**अंजू गुप्ता**
सचिव

बनवारी साहु महाविद्यालय लातेहार

## 76 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मुखिया संघ लातेहार

स्पीड न्यूज

## भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को पुलिस जब हीरापुर इलाके में गश्ती कर रही थी, तो वहां सड़क के किनारे बोरियों में भरा काफी मात्रा में कोयला दिखाई दिया। पुलिस ने तत्काल कोयला को जब्त करते हुए कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार इस कोयले को तस्करों द्वारा बाइक से अलग-अलग स्थान में भेजा जाता है। फिलहाल कोयला को शिकारीपाड़ा थाना में लाकर रखा गया है। इस पूरे मामले पर थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह ने कहा कि पुलिस गश्ती के दौरान इस कोयल की जब्ती की है। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। इसमें संलिप्त लोगों पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तीन वर्षों में बनेंगे 4,041 पंचायत स्तरीय मॉडल स्कूल

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रयास कर रही है और ग्रामीण छात्रों को निजी संस्थानों के बराबर शिक्षा प्रदान करने के लिए '80 सीएम उत्कृष्टता विद्यालय' संचालित कर रही है। उन्होंने कहा और दावा किया कि अगले तीन वर्षों में राज्य में 4,041 पंचायत स्तरीय स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, 'गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना' के तहत, 650 छात्रों को 40 करोड़ रुपये का शैक्षिक ऋण प्रदान किया गया है, जो वित्तीय बाधाओं के कारण 12वीं कक्षा के बाद पढ़ाई करने में सक्षम नहीं थे। सोरेन ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और पिछड़े समुदायों के छात्रों को विदेश में अपने उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करने में सहायता प्रदान करने के लिए मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति सहित छात्रों के लिए विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं को भी सूचीबद्ध किया।

## गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्व. राजेंद्र बाबु की प्रतिमा का अनावरण

**बेरमो /कथारा।** गणतंत्र दिवस के पावन संध्या पर पुर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीते देर शाम कथारा चार नंबर स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय सह राजेंद्र स्मृति भवन में बेरमो के पुर्व विधायक, प्रदेश के पुर्व मंत्री तथा बेरमो के मसिहा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की मुर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप कुमार सिंह के हाथो से पुरे विधि विधान व पुजा अर्चना के साथ सम्पन्न हो गया।

## तीन दिवसीय वार्षिक माघी काली पूजा शुरू

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया मुख्य चौक स्थित काली मंदिर में वार्षिक माघीकाली पूजा 251 कन्याओं द्वारा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा गोमिया के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए भगत आगरा तालाब से कलशो में पवित्र जल भरकर वापस काली मंदिर पहुंचे। कलश यात्रा में गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो भी शामिल हुए।

## गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गणतंत्र दिवस

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, क्लबो,सार्वजनिक स्थलों पंचायत भवनों, यूनियन कार्यालयों मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास मनाया गया यहां प्रखंड क्षेत्र होसिर पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोउल्लास साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया।आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायत की मुखिया पार्वती देवी पंसस महेश रविदास, भाजपा वरिष नेता देवनारायण प्रजापति ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी गई। इस मौके पर उपमुखिया रंजीत साव,पंचायत सेवक पूर्णिमा कुमारी वार्ड राजेश्वर साव, सीता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

जर्जर स्कूल भवन तोड़ने के क्रम में

## छत गिरने से दो मजदूर दबे, गंभीर, इलाजरत



घायल मजदूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुशपहाड़ी के जर्जर भवन तोड़ने के क्रम में छत के एक हिस्सा मजदूर के ऊपर गिर गया। जिसमें छत के मलबे के नीचे दो मजदूर दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा घायल मजदूर को फूलों झानो मेडिकल अस्पताल दुमका में इलाज के लिए लिए भर्ती कराया गया। घटना की सूचना शिकारीपाड़ा प्रशासन को मिलते ही बीडीओ एजाज आलम, सीओ कपिलदेव ठाकुर के साथ पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। छानबीन के दौरान प्रधानाध्यापिका सुसना सोरेन ने बताया कि गुरु गोष्ठी के बैठक में बीईईओ के द्वारा शिक्षकों को मौखिक आदेश देते हुए कहा कि जहां-जहां स्कूल भवन जर्जर है। उसे तोड़ने का काम करवाया जाये। इसी आदेश के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुसना सोरेन के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुशपहाड़ी में जर्जर भवन को चार दिनों से दो मजदूर के द्वारा तुड़वाया जा रहा था। इसी क्रम में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन भी दो मजदूर के द्वारा जर्जर भवन को तोड़ते समय छत का एक हिस्सा गिरने से दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल मजदूर विवेक पुजहर एवं काजल देहरी है। दोनों का उम्र 18 वर्ष से कम बताया जा रहा है। दोनों युवक स्कूल के बगल के ही रहने वाले हैं। हलांकि घायल मजदूर अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

---

गणतंत्र दिवस पर दुमका पुलिस लाइन में सीएम हेमंत सोरेन ने किया झंडोतोलन

# लोगों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हूं : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि वह उन लोगों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिन्होंने उनके नेतृत्व वाले गठबंधन को दूसरे कार्यकाल के लिए वोट देकर 'इतिहास रचाहा। गणतंत्र दिवस पर दुमका पुलिस लाइन में तिरंगा फहराते हुए सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने अपना वादा पूरा किया और 18-50 आयु वर्ग की 56 लाख महिलाओं को झामंईया सम्मान योजनाह के तहत प्रति माह 2,500 रुपये की सहायता मिल रही है, जबकि इसके लिए प्रक्रिया जारी है।

साथ ही, उन्होंने दावा किया कि राज्य में वन क्षेत्र कुल भौगोलिक क्षेत्र का 34 प्रतिशत तक बढ़ गया है और राज्य में इको-पर्यटन सहित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल चल रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार समृद्ध झारखंड के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ह्रझअन्याय और अत्याचार के खिलाफ युद्ध छेड़ना हमारी परंपरा रही है। इतिहास गवाह है कि कैसे 1857 से पहले भी यहां के आदिवासियों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। उनका संघर्ष हमारी प्रेरणा का स्रोत है। सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है कि सदियों से उत्पीड़ित आदिवासियों को उनका हक मिले और राज्य विकास के पथ पर आगे बढ़ सके।

### जल्द होगी 48,000 पदों पर नियुक्तियां

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, ह्रझराज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 48,000 पदों पर नियुक्तियों की सूची झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गई है। 46,000 पदों के लिए विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं जबकि 5,000 पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं। सोरेन ने कहा, 28,000 पदों पर नियुक्ति का काम अंतिम चरण में है ह्रझ उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सहायता के लिए, 2024-25 में ह्रझमुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनाह्र के तहत 7,625 युवाओं के बीच 438 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है, जबकि ह्रझमुख्यमंत्री सारथी योजनाह्र के तहत लगभग 5 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2 लाख से अधिक प्रशिक्षित युवाओं को नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं।

### लैंड-लिंक्ड स्टेट बनने का प्रयास

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पलायन को रोकने के अलावा, मनरेगा के तहत युवाओं के बीच 2,430 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं और 2.66 लाख सखी मंडल (महिला स्वयं सहायता समूहों) को बैंक क्रेडिट लिंकेज प्रदान किए गए हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल - पलाश ब्रांड के तहत, महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेचने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए 47 पलाश मार्ट खोले गए हैं और इससे उन्हें राष्ट्रीय पहचान मिली है। सोरेन ने कहा, औद्योगिक विकास में तेजी लाने के लिए, झारखंड ने झारखंड औद्योगिक पार्क और लॉजिस्टिक नीति को अधिसूचित किया है और लैंड-लॉक्ड स्टेट से लैंड-लिंक्ड स्टेट बनने का प्रयास कर रहा है।

### स्वास्थ्य योजना के तहत प्रति परिवार 15 लाख



दुमका के पुलिस लाईन मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत विभिन्न पहलों के अलावा इलाज के लिए प्रति परिवार 15 लाख रुपये दिये जा रहे हैं। सोरेन ने कहा कि बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष में राज्य में 2,796 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 89 राजमार्गों और 9 पुलों का उद्घाटन किया गया, जबकि 62.55 लाख ग्रामीण परिवारों में से 34.17 लाख तक पेयजल कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। उन्होंने दावा किया कि राज्य के 41 लाख बिजली उपभोक्ताओं को प्रति माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है।

किसानों के लाभ के लिए, सरकार ने ह्रझझारखंड कृषि ऋण माफी योजनाह्र के तहत 1.82 लाख किसानों के 403 करोड़ रुपये के कृषि ऋण माफ कर दिए हैं और बाजरा मिशन के तहत, सरकार 5 एकड़ तक के किसानों को 3,000 रुपये प्रति एकड़ प्रदान कर रही है।

---

## सड़क दुर्घटना में सब्जी व्यवसायी का मौत

**रानेश्वर।** प्रखंड के आसनबनी निवासी सब्जी व्यवसायी मार्शल मियां उम्र लागभग 50 वर्ष का रविवार अहले सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सब्जी कारोबारी कार्य हेतु बाइक में दो व्यक्ति सवार होकर पश्चिम बंगाल के सेतिया सब्जी मंडी जा रहा था। बाइक अन्य व्यक्ति चला रहा था। मार्शल मियां बाइक के पीछे बैठा था। भोर साढ़े 4 बजे के करीब मोहम्मद बाजार के समीप एक ही जगह बने दो स्पीड ब्रेकर को पार करने के दरमियान अधिक ठंडा मौसम होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया। एवं बाइक के पीछे बैठे मार्शल भी संतुलन खोकर बाइक से गिरने के क्रम में आ गया। पथ के समीप डम्प गिट्टी में बाइक चढ़ गया एवं मार्शल मियां के सिर पर अधिक जोर चोट लगा एवं गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों को सूचना मिलने पर कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार शाम 7 बजे के करीब इलाज के दौरन मार्शल मियां का निधन हो गया। मार्शल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। समाचार लिखे जाने तक मार्शल मियां के शव को आसनबनी उनके पैतृक आवास नही लाया गया था। पोस्टमार्टम प्रक्रिया जारी था। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को उनके शव को दफनाया जाएगा।

## मुखिया संघ के बैठक में शामिल हुए पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र

**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया प्रखण्ड के अंतर्गत ससबेड़ा पश्चिम पंचायत भवन में आयोजित मुखिया संघ की बैठक में सोमवार को शामिल हुए.इस बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। मंत्री जी ने सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने और हर समस्याका यथाशीघ्र समाधान करने का भरोसा दिया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष तेजलाल महतो के नेतृत्व में माननीय मंत्री श्री प्रसाद को बुक्के देकर स्वागत किया। बैठक में मुखिया बंटी उरांव, बलराम रजक सहित कई मुखियागण उपस्थित थे।

---

# धूमधाम से संपन्न हुआ गणतंत्र दिवस

सूबे के मंत्री सहित राजनीतिक नेताओं-सांगठनिक प्रमुखों आदि ने किया झंडोत्तोलन












खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के विभिन्न क्षेत्रों में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में सूबे के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया और तिरंगे को सलामी दी।

इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों के परेड का निरीक्षण किया। मौके पर पुलिस महानिरीक्षक डा माइकल राज डीआईजी कोयला प्रक्षेत्र सुरेंद्र झा डीआईजी सीआरपीएफ डीसी विजया जाधव एसपी मनोज स्वर्गियारी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं जिलेवासियों राज्य एवं देशवासियों को दी। कहा कि आज ही के दिन सन 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था एवं भारत एक गणतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित किया। इस अवसर पर हम उन सभी महापुरुषों को नमन करते हैं जिनके अथक प्रयास से भारत आज एक सशक्त गणतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व में जाना जा रहा है एवं विकास के पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर परेड में कुल 12 प्लाटूनों ने हिस्सा लिया। मौके पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्लाटूनों को पुरस्कृत किया गया। उपायुक्त विजया जाधव ने गोपनीय कार्यालय एवं समाहरणालय परिसर रेड क्रॉस भवन एवं जियाडा कार्यालय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी मनोज स्वर्गियारी ने डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने अपने आवासीय परिसर में अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने अपने कार्यालय परिसर में एवं एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा ने अपने गोपनीय कार्यालय परिसर अनुमंडल कार्यालय चास बाजार समिति चास में झंडोत्तोलन किया।

## झंडोत्तोलन कर तिरंगे को दी गयी सलामी

**कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास व ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों तथा विभिन्न दलों की राजनीतिक पार्टी के कार्यालय में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर अवसर पर झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी गयी। कसमार प्रखंड मुख्यालय में कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दी। वहीं कसमार थाना में प्रभारी चन्द्रदेव कुमार ने कसमार सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रफुल्ल महतो सिंहपुर इंटर महाविद्यालय में सचिव सुजित कुमार ने दुर्गापुर पंचायत सचिवालय में अमरलाल महतो मंजूरा पंचायत सचिवालय में ममता देवी ने टांगटोना खैराचातर सिंहपुर बगदा दांतु मुरहुलसुदी सोनपुरा ,मधुकरपुर आदि सभी पंचायत में मुखियाओं द्वारा ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी गई। डीपीएस बोकारो में प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। उनके साथ-साथ सभी शिक्षकों शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर राष्ट्रगान गाते हुए तिरंगे को सलामी दी। डीपीएस चास में डीपीएस चास की निदेशिका/प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वेदांता ईएसएल के सीईओ आशीष गुप्ता द्वारा सियालजोरी प्लांट क्षेत्र के अंदर तिरंगा फहराया गया। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा ने फुटबॉल मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर तिरंगा झंडा को सलामी दी। सीएमए बोकारो चैप्टर के प्रांगण में बीएसएल के ईडी एफ एंड ए सह चैप्टर के मानद अध्यक्ष सुरेश रंगानी ने ध्वजारोहण कर तिरंगा झंडा को सलामी दी।

---

## बाइक सवार तीन युवक बोलेरो से टकराया, एक की मौत दो घायल

**बेरमो।** गणतंत्र दिवस के दिन जारंगडीह के तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर विष्णुगढ की ओर जाने के क्रम में नरकी मोड़ से लगभग चार किलोमीटर आगे एक बेलोरो से टकरा गया जिसमें एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गया जिसमें एक युवक की हालत गंभीर बताई गई है जिसे इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक घर से कथारा जीएम ग्राउंड परेड देखने की बात कह कर निकला। कोई नही जानता की तीनों युवक उस ओर कहा जा रहे थे। बताया जाता है कि तीनों ही युवको की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच ही थी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों युवक जिस बाइक पर सवार था उसकी रफ्तार काफी थी। इसी कारण घटना स्थल पर तीखे मोड़ के कारण उसे बेलोरो दिखाई नही दिया और बाइक की अधिक रफ्तार होने के कारण बाइक नियंत्रण से बाहर हो गया और बेलोरो मे जोरदार टक्कर मार दिया। जिस कारण बाइक चला रहा युवक सर बेलोरो से टकराने के साथ साथ शरीर के अन्य हिस्से भी बुरी तरह चोटिल हो गया और वह मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी एवं इस्पात राज्य मंत्री दौरे पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारत सरकार के केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी एवं इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजु श्रीनिवास वर्मा तथा सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश बोकारो स्टील प्लांट के दौरे पर बोकारो पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत बोकारो प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने किया।

उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। बोकारो प्लांट के दौरे के दौरान मंत्री ने बोकारो प्लांट के उच्च पदाधिकारियों के साथ कोक ओवन कोक केमिकल विभाग सिंटर प्लांट 2 हॉट स्ट्रिप मिल आदि का निरीक्षण किया। मंत्री श्री कुमारस्वामी ने कहा कि 2030 तक 300 मीट्रिक टन स्टील उत्पादन हासिल करने एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने को हम प्रतिबद्ध हैं। कहा कि सेल बोकारो संयंत्र उच्च गुणवत्ता वाली डीएमआर प्लेट्स का उत्पादन कर रहा है जो भारतीय नौसेना के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बोकारो संयंत्र के विस्तार योजनाओं की समीक्षा की जिसमें 3.2 एमटी प्रतिवर्ष क्षमता की घमन भट्ठी स्टैम्प चार्ज बैटरी और आधुनिक सिंटर प्लांट की स्थापना का मुद्दा मुख्य रूप से शामिल था।

उन्होंने कहा कि यह ब्राउनफोल्ड विस्तार प्रति वर्ष 2.6 एमटी तरल इस्पात की उत्पादन क्षमता जोड़ेगा जिससे बोकारो प्लांट की कुल क्षमता 7.55 एमटी तक बढ़ जाएगी।उन्हें इस्पातभवन के मॉडल रूम में संयंत्र के ले आउट की विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री श्री कुमारस्वामी ने आयोनेक्स ऑक्सीजन प्लांट के 2150 टीपीडी एयर सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन किया। मौके पर आयोनेक्स प्लांट के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ जैन उपस्थित थे।

## पं गौरीशंकर ओझा पर्यावरण-मित्र पुरस्कार वितरण समारोह होगा 31 जनवरी को

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** पर्यावरण-मित्र दिवस को पं गौरी शंकर ओझा पर्यावरण-मित्र पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा पर्यावरण-मित्र चौक कैंप 2 स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में 31 जनवरी को अपराह्न 3 बजे आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि यह पुरस्कार प्रदेश स्तरीय है तथा झारखंड में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को हर वर्ष दिया जाता है। इस पुरस्कार के साथ ही दो और पुरस्कार पं. गौरी शंकर ओझा वृक्ष-मित्र पुरस्कार और पं. गौरी शंकर ओझा जल-मित्र पुरस्कार ही दिया जाता है जो वृक्ष संरक्षण और



जल संरक्षण के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को दिया जाएगा। पर्यावरण-मित्र वाटिका में संपन्न संस्थान के पदाधिकारियों की एक अति आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय की जानकारी महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में पूरे झारखंड से कई पर्यावरणविदों की उपस्थिति रहेगी तथा प्रदेश की कई पर्यावरणीय गंभीर समस्याओं पर परिचर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने किया। बैठक में शशि भूषण ओझा सुरेंद्र पांडेय रघुवर प्रसाद वैद्य गणेश साव अखिलेश ओझा बबलू पांडेय सतीश सिंह मृणाल चौबे अभय कुमार गोलू नीरज प्रसाद संजय पांडेय मनोज प्रसाद झा अनुराग मिश्रा सहित कई पर्यावरण रक्षक उपस्थित रहे।

सुप्रभात

मंगलवार 28.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 277

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार, गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा पुलिस ने रविवार को रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 18 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को सुदामडीह से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने अपने मैथन ऑफिस में सोमवार को बताया कि कंचनपुर, मोहलबनी थाना सुदामडीह निवासी देवनारायण सुपाकर गिरोह बनाकर रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से लाखों रुपए की ठगी करते थे। निरसा थाना में 17 दिसंबर 2024 को गोपालगंज, निरसा निवासी श्यामलाल रविदास द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें उन लोगों पर रेलवे में नौकरी के नाम पर 18 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया गया था।



इसके अलावा गिरोह पर कई अन्य बेरोजगार युवकों से ठगी की सूचना प्राप्त हुई है। निरसा थाना में दर्ज प्राथमिकी के बाद आरोपी फरार चल रहा था। प्राथमिकी के अनुसंधानकर्ता पुअनि अविनाश कुमार ने सुदामडीह थाना के सहयोग से रविवार को मुख्य आरोपी देवनारायण सुपाकर को कंचनपुर मोहुलबनी थाना सुदामडीह के हाउस नंबर 160 में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। उसे आज धनबाद जेल भेज दिया गया है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया एकसिंघा में चेक डैम का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को नारायणपुर प्रखंड के बेलाटांड शिमला एकसिंघा जोरिया में लघु सिचाई प्रमंडल के चेकडैम का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में विकास करने के लिए आए हैं। क्षेत्र में विकास कर विपक्षियों का मुंह बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि जनता का विकास ही उनकी पूंजी है। किसानों की पुरानी मांग थी कि यहां चेकडैम बने। आज शिलान्यास किया है। इस चेकडेम का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यहां के किसानों को समुचित लाभ मिलेगा। मौके पर मंत्री के मीडिया सहलाकर निशापति हांसदा, अजहरुद्दीन आंसरी, बरजहां अंसारी आदि उपस्थित थे।



### स्पीड न्यूज

### विधायक रागिनी सिंह ने कई जगहों पर किया झंडोत्तोलन



**झरिया।** गणतंत्र दिवस पर रविवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कई जगहों पर झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। सबसे पहले कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में झंडा फहराया। इसके बाद माडा कॉलोनी, झरिया कतरास मोड़ स्थित स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह चौक, फुलारीबाग इंदिरा चौक, थाना मोड़ दुर्गा मंदिर के समीप, लोदना मोड़, होरलाडीह, तारा बगान, भालगढ़ा काली मंदिर, बोर्रागढ़ उत्क्रमित विद्यालय, बोर्रागढ़ समेत विभिन्न क्षेत्रों में ध्वजारोहण किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कोयलांचल वासियों एवं देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में दिलीप भारती, अखिलेश सिंह, अरिंदम बनर्जी, अरुण साव, संजय कुमार वर्मा, रघु राम सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राजगंज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**राजगंज।** राजगंज क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राजगंज पंचायत सचिवालय में मुखिया बंदना बारूई ने झंडे को सलामी दी। राजगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी अलीशा कुमारी, संत मैथ्यूज हाई स्कूल में निदेशक रबिन्द्र चंद्र दे ने राष्ट्रध्वज फहराया। उनके साथ प्राचार्य, सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाते हुए तिरंगे को सलामी दी। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक झांकियों के साथ क्षेत्र के विभिन्न इलाकों मे प्रभात फेरी निकाली। बच्चोंने गणेश वंदना, वन्दे मातरम, लहरा दो, तेरी मिट्टी में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। प्राचार्य राहुल कुमार दे ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश का लोकतंत्र हमारी अमूल्य निधि है।

## गोल्फ ग्राउंड में गणतंत्र दिवस पर डीसी माधवी मिश्रा ने किया झंडोत्तोलन

# धनबाद चहुंमुखी विकास के लिए 6418.111 लाख की योजना मंजूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 76वें गणतंत्र दिवस पर रविवार को मुख्य समारोह गोल्फ ग्राउंड में आयोजित किया गया। डीसी माधवी मिश्रा ने झंडोत्तोलन किया। इससे पूर्व डीसी तथा एसएसपी ने परेड का निरीक्षण किया। उपस्थि जनसमूह को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि प्रशासन जिले के चहुंमुखी विकास के लिए कृत संकल्प है। डीएमएफटी एवं सीएसआर फंड से विभिन्न प्रखंडों के सरकारी विद्यालयों में 229 योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिसमें विद्यालयों के लिए अतिरिक्त क्लासरूम का निर्माण, मल्टी पर्पस हॉल एवं शौचालय निर्माण शामिल है।

इसके लिए डीएमएफटी फंड से 6418.111 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। एग्यारकुंड के केएफएस ग्राउंड एवं गोविंदपुर में भितिया स्टेडियम के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए 436.206 लाख रुपये, बलियापुर में 14 विद्यालयों को लीडर स्कूल बनाने के लिए 3129 लाख रुपये, निरसा के बेनागोड़िया पंचायत के जवाहर नवोदय विद्यालय को 58 लाख रुपये, विभिन्न प्रखंडों में पेय जलापूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए 1312 लाख, सदर अस्पताल में चहारदीवारी के लिए 24 लाख रुपये, विभिन्न प्रखंडों में आधारभूत संरचना की 16 योजनाओं के लिए 3465 लाख रुपये की स्वीकृति डीएमएफटी से दी गई है।



### इन योजनाओं की दी जानकारी

डीसी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 266 लोगों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए 1796 लाख रुपये ऋण की स्वीकृति दी गई है। वहीं आदिवासियों का सरना, जाहेर स्थान, हड़गड़ी एवं मसना के संरक्षण एवं विकास के लिए पांच योजना स्वीकृत की गई है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 44597 लाभुकों को इस वित्तीय वर्ष में 2476 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का 142 लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 68587 किसानों को लगभग 41 करोड़ 15 लाख 22 हजार रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं आपदा सहायमद के तहत 47 लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा अन्य विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला।



### उत्पाद विभाग एवं सीआईएसएफ ने मारी बाजी

गणतंत्र दिवस पर विभिन्न संस्थानां एवं स्कूली बच्चों को आकर्षक झांकी निकाली गई। उत्पाद विभाग की झांकी को प्रथम, आपूर्ति को द्वितीय एवं जिला परिवहन कार्यालय की झांकी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, झारखंड सशस्त्र पुलिस - 3 गोविंदपुर, जिला सशस्त्र बल (पुरुष), जिला सशस्त्र बल (महिला), गृह रक्षक वाहिनी, एनसीसी (बॉयज), एनसीसी (गर्ल्स) तथा स्काउट एवं गाइड के प्लाटून ने परेड में भाग लिया, जिसमें सीआईएसफ को प्रथम, एनसीसी बॉयज को द्वितीय एवं स्काउट एंड गाइड को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

**मंईया योजना के लिए तीन लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत :** मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के लिए पूरे राज्य में 3 लाख 85 हजार 886 आवेदन स्वीकृति हो चुके है। अगस्त 2024 से नवंबर 2024 तक प्रतिमाह 1000 एवं दिसंबर 2024 से 2500 प्रतिमाह का भुगतान किया जा रहा है। वहीं केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न पेंशन योजना के तहत 2,44,839 लाभुकों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में डीडीसी सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीएफओ विकास पालीवाल, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, एसडीओ राजेश कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी आदि उपस्थित थे।

### एक नजर में

### दीक्षांत समारोह में भावुक हुए सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएं



**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में सोमवार को द्वादश के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह का उद्घाटन विनोद बिहारी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ अजीत कुमार ने सरस्वती वंदना के साथ किया। प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उन्हें सम्मानित किया। द्वादश के छात्र-छात्राओं ने गीत संगीत की प्रस्तुति से वातावरण में भावुकता का संचार कर दिया। नर्सरी से द्वादश तक का सफर पूरा करने वाले छात्र-छात्राओं में अभिजीत राज, अभिनव, नूपुर, प्राची, आयुष राज ने अनुभव साझा किया। शिक्षक कैलाश गोस्वामी ने गीत के माध्यम से बच्चों का मार्गदर्शन किया। विनोद विहारी विश्वविद्यालय के रीडर डॉ नकुल प्रसाद सिंह ने अतीत का स्मरण करते हुए बच्चों से कहा कि आप देश के भविष्य हैं। आप अपने लक्ष्य पर आगे बढ़ें। मानव मूल्यों को सर्वोपरि बनाएं। मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा को मानव मूल्यों का आधार बताते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें। प्रधानाचार्य ने बच्चों को लक्ष्य के प्रति प्रेरित किया। कहा कि आपके लिए यह आदेश है, उपदेश है, अनुज्ञा है कि भविष्य में यह विद्यालय आपके नाम से प्रसिद्ध हो। यही मेरी आकांक्षा है। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### झरिया जल मीनार जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन की बैंड मरम्मत शुरू



**जोड़ापोखर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झरिया जल मीनार जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन की बैंड मरम्मत सुबह 12 बजे से शुरू कर दी गई है। काम शुरू होने से झरिया एवं आसपास के 6 लाख लोगों को तीन दिन तक पानी नहीं मिलेगा। बैंड की मरम्मत कार्य पूरा होने में 10 दिन लगेगा। परन्तु जल संयंत्र केंद्र के अधिकारियों ने निर्णय लिया है कि तीन बार में तीन तीन दिन का ब्रेक लेकर बैंड को सीधा कर जलापूर्ति की समस्या से निजात दिखाई जाएगी। मरमत कार्य के कारण 18 इंची पाइप लाइन को भी बंद कर दिया गया है, ताकि रिटेनिंग पानी नहीं आ जाये। पाइप लाइन बंद होने से झरिया के अलावा भौरा, पाथरडीह क्षेत्र में भी जलापूर्ति ठप हो गई है। जामाडोबा जल संयंत्र केद्र स्थित जल भंडार गृह 9 एवं 12 में एक बूंद भी पानी दामोदर नदी से उठा कर भंडारण नहीं किया जा रहा है। जल कार्य अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया कि झरिया क्षेत्र में पानी की समस्या स्थायी रूप से दूर करने के लिए बैण्ड की मरम्मत की जा रही हैं। बार बार लीकेज की समस्या से पूरी तरह निजात मिल सकती है।

### गणतंत्र दिवस पर जेल अदालत में पांच बंदी मुक्त



**धनबाद।** 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मंडल कारा धनबाद मे जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस बावत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि जेल अदालत में वादों के निष्पादन के लिए पांच मुकदमे चिन्हित किए गए थे, जिसमें सभी का निष्पादन कर पांच बंदियों को मुक्त करने का आदेश दिया गया। इस मौके पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह, ऋषि कुमार, विवेक कुमार सिंह ,जेलर एवं काराधीक्षक मौजूद थे। न्यायाधीश राकेश रोशन ने सभी कैदियों से कहा कि आज महात्मा गांधी की प्रतिमा को हम सभी पूजते हैं और सामने रखते हैं, ताकि अपने व्यवहार में एवं आचरण में भी कुछ अमूलचूल परिवर्तन लाएं। उन्होंने आशवस्त किया कि आज अधिक से अधिक व्यक्तियों को जेल से रिहा करने का प्रयास किया जाएगा। परंतु सभी कैदीयों से कहा कि वे संकल्प लें कि दुबारा ऐसा कोई काम नहीं करेंगे, जिससे उनका कदम फिर से उसे लाल कोठी ले आए।

## भूलन बरारी में ओबी डंप कर रास्ता रोकने का लोगों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** लोदना एरिया अंतर्गत भूलन बरारी बाजार धौड़ा के निकट आउट सोसिग कंपनी सुश्री द्वारा ओबी डम्प कर रास्ता रोके जाने का विरोध ग्रामीणों ने किया, जिसका नेतृत्व जनता श्रमिक संघ ने किया। विरोध करने वालों में संघ के असंगठित मोर्चा के स्थानीय अध्यक्ष रामाधार सिंह, सचिव राधे श्याम यादव ने कहा कि कम्पनी का काम देख रहे कुम्भनाथ सिंह जबरन सड़क पर ओबी डम्प कर डिगवाडीह बाजार जाने वाले रास्ते को बंद कर रहे हैं। इस काम में लोदना एरिया के महाप्रबंधक के अलावा कई अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। भूलन बरारी क्षेत्र पूरी तरह से टापू में तब्दील हो जायेगा। कहा गया कि ओबी डम्प करने से क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों को तुरंत ओबी डम्प पर रोक लगाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान महाप्रबंधक मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। चेतावनी दी गई कि ओबी डम्पिंग नहीं रोका गया तो ग्रामीण जल्द ही महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव करेंगे। प्रदर्शनकारियों में आलोक पांडेय, बबलू भगत, प्रेम नोनिया, रोहित पासवान, राजू भुइयां, सरस्वती देवी, रामरती देवी, आदि शामिल थे।

## कार और बाइक की टक्कर में एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** गोशाला ओपी अंतर्गत झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर बाबा लोकनाथ क्लिनिक के नजदीक रविवार को शाम लगभग 5 बजे कार और बाइक की टक्कर में गोशाला निवासी बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने कार को क्षतिग्रस्त कर चालक को भी घायल कर दिया। गोशाला ओपी पुलिस ने कार चालक और दोनों बाइक सवारों को इलाज के लिए चासनाला सीएचसी भेज दिया है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि टाटा नेक्सॉन कार संख्या जे एच 10 सी आर 5641 गोशाला से चासनाला गंतव्य की ओर जा रही थी। तभी सड़क पर अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही बाइक संख्या जे एच 10 सी के 2364 को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार डब्ल्यू मल्लिक और आकाश सिंह को सिर पर चोट आई है। आनन फानन में दोनों युवकों को इलाज के लिए चासनाला सीएचसी भेज दिया गया। चिकित्सकों ने गोशाला मल्लिक टोला निवासी डब्ल्यू मल्लिक को इलाज कर घर भेज दिया गया है। टासरा सिंह बस्ती निवासी आकाश सिंह को गंभीर हालत में चिकित्सकों ने एस एन एम एम सी एच धनबाद भेज दिया है।



चासनाला निवासी कार चालक घायल मो रिजवान को चासनाला सीएचसी से इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। सूचना मलिने पर सिंदरी थाना, गोशाला ओपी और पाथरडीह थाना की पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने गुस्साए लोगों को शांत किया।

गौशाला ओपी प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि कार और बाइक को जब्त कर ओपी ले आया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के बडबहाल घाटी में 17 फरवरी से आयोजित श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। कमेटी की बैठक परेश नाथ दुबे की अध्यक्षता में यज्ञ कार्यालय में हुई। क्षेत्र के विभिन्न गांवों के धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। बैठक में सदस्यों ने कहा कि महायज्ञ को भव्य तथा दिव्य बनाने के लिए कोई कमी नहीं रखना है। सभी छोटे-बड़े कार्यो को समय के पूर्व ही पूरा कर लेना है।



अध्यक्ष परेश नाथ दुबे ने सदस्यों से कहा कि यज्ञ से देवताओं को प्रसन्न किया जा सकता है। साथ ही मनचाहा फल भी प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में तय हुआ कि 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरुआत होगी। संध्या में काशी के कथावाचक कन्हैया द्विवेदी जी महाराज का प्रवचन होगा। उसके बाद भजन आदि कार्यक्रम होंगे। प्रतिदिन प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाएगी । महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 फरवरी को होगी और उसी दिन भंडारा तथा रात्रि में भक्ति जागरण होगा।

बैठक में तय हुआ कि 19 फरवरी के रात्रि में राम कथा के पश्चात धनबाद के सुप्रसिद्ध भजन गायक जौली छाबड़ा का कार्यक्रम होगा और 22 फरवरी के रात्रि में बिहार की प्रसिद्ध भजन गायिका रिया सोनी तथा उनकी टीम के माध्यम से भक्ति जागरण होगा। बैठक में कमेटी द्वारा जुटाई गईअभी तक की धनराशि की चर्चा हुई बैठक में तय हुआ कि कथा वाचक की पूरी मंडली रामनगर के पंकज सिंह के घर निवास करेगी। भोजन की व्यवस्था रामनगर के राघवेंद्र नारायण सिंह करेंगे। यज्ञाचार्य मंडली के भोजन की व्यवस्था धनजोरी गांव के युगल तिवारी के पुत्र रवि तिवारी करेंगे। बैठक में अशोक ओझा, सत्यनारायण तिवारी, कमलेश तिवारी, मधुसूदन तिवारी, डॉ दिलीप कुमार सिंह, दलगोबिंद रजक, राघवेंद्र नारायण सिंह, रंजीत सिंह, कन्हैया ओझा, कौशल ओझा, आनंद मोहन तिवारी, नीरज मिश्रा, रामदेव दास, कौशलेश राय, मुखिया मुनि मरांडी आदि उपस्थित थे।

## एमपीएल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## देश के प्रति हमारा समर्पण ही हमें निष्ठावान बनाता है : सीईओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एमपीएल में रविवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्लांट में एचआर हेड सुप्रतीक मुखर्जी तथा टाउनशिप में पर्यावरण विभाग के हेड पीके बंधु ने ध्वज फहराया तथा झंडे को सलामी दी। उत्कृष्ट सेवा के लिए सुरक्षा प्रहरियों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अधिकारी द्वय ने देश की एकता और अखंडता पर बल देते हुए देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। समृद्धि सेंटर एवं महिला साक्षरता केन्द्रों में भी गणतंत्र दिवस पर ध्वज फहराया गया तथा गांवों में जागरूकता रैली निकाली गयी। एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने कहा कि देश के प्रति हमारा समर्पण ही हमें निष्ठावान बनता है। इन्हीं मूल्यों के बूते देश विश्व महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। ईमानदारी एवं कर्तब्य निष्ठा को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने कहा टाटा परिवार अनुशासन और ईमानदारी जैसे मूल्यों के लिए जाना जाता है। एमपीएल के सीएमओ सुधाकर टंडन एवं सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरक्षा विभाग के हेड सुनील कुमार सिंह, मोहन सिंह, श्रीप्रकाश सिंह यादव, राहुल कुमार का योगदान रहा।



# 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


**दीपक कुमार**
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार


**दुल्लड़ चौड़े**
पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लातेहार


**प्रवीण कुमार गगराई**
परियोजना निदेशक आईटीडीए लातेहार


**प्रदीप कुमार**
कार्यपालक अभियंता एनआरईपी लातेहार


**अरूण कुमार**
प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार


**प्रिंस कुमार**
जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार


**नगर पंचायत**
लातेहार


**रश्मि लकड़ा**
जिला आपूर्ति पदाधिकारी लातेहार


**सूरज प्रकाश चौधरी**
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लातेहार


**डॉ. विवेक विद्यार्थी**
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार


**एन. के. मेहता**
वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार


**उमेश कुमार दूबे**
वन क्षेत्र पदाधिकारी (सामाजिक वाणिकी प्रक्षेत्र लातेहार)


**डॉ. अवधेश सिंह**
सिविल सर्जन लातेहार


**एस एस एन मेमोरियल**
एकेडमी पतरिया चोटाग लातेहार


**विनोद उरांव**
जिला परिषद सदस्य लातेहार


**बंशी यादव**
महामंत्री भाजपा लातेहार


**झारोटेफ एवं जेपीएसएस**
परिवार लातेहार


**संजीत कुमार**
खेल पदाधिकारी लातेहार


**अरूण दूबे**
वरीय झामुमो नेता लातेहार


**पारस कुमार**
मटेरियल सप्लायर लातेहार


**राजू यादव**
युवा समाजसेवी लातेहार


**शाहरूख खान**
युवा समाजसेवी लातेहार


**रंजीत कुमार**
युवा समाजसेवी लातेहार


**अजय उरांव**
युवा समाजसेवी लातेहार


**राजनंदन गुप्ता**
लातेहार


**रीना देवी**
पांडेयपुरा पंचायत समिति


**मनोज कुमार यादव**
रोजगार सेवक लातेहार


**राजेश यादव**
युवा समाजसेवी लातेहार


**कलीम नगेशिया**
प्रधानाध्यापक

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल लातेहार

**कार्यपालक अभियंता**
ग्रामीण कार्य विभाग लातेहार

**कार्यपालक अभियंता**
भवन प्रमण्डल, लातेहार

**जिला खनन विभाग परिवार**
लातेहार

**अनुमंडल परिवार**
लातेहार




## गणतंत्र दिवस के मौके पर देश वासियों को हार्दिक बधाई



**श्रद्धा केरकेट्टा**
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (sdpo)
लोहरदगा

गणतंत्र दिवस के मौके पर देश वासियों को हार्दिक बधाई



**रजिया सुल्ताना**
पंचायत समिति सदस्य सह बिस सूत्री सदस्य चाडिल

गणतंत्र दिवस के मौके पर देश वासियों को हार्दिक बधाई



**रविंद्रनाथ तंतुबाई**
ग्राम प्रधान शहरबेड़ा पंचायत, आसनबनी, चाडिल







आप सभी को विद्यालय परिवार की तरफ से 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



संजीत कुमार साव
जितेंद्र कुमार साव
निदेशक ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल, नवलशाही कोडरमा

## झारखण्ड मुक्ति मोर्चा लातेहार जिला कमेटी की ओर से समस्त झारखण्ड प्रदेश वासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






**लाल मोती नाथ शाहदेव** – पूर्व जिला अध्यक्ष, लातेहार
**शशि भूषण तिवारी** – वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री सदस्य
**बुद्धेश्वर उरांव** – जिला परिषद सदस्य, सरयू




## गणतंत्र दिवस के मौके पर देश वासियों को हार्दिक बधाई



**मनोहर सिंह सरदार**
मुखिया चांडिल पंचायत
सरायकेला खरसावां




76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त चंदवा प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



हम सबने ठाना है, कुष्ठ रोग मिटाना है। समझदारी दिखायें, अपने बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण करायें।




## 76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त चंदवा प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जतरू मुंडा<br>मुखिया मालहन पंचायत सह अध्यक्ष मुखिया संघ चंदवा | रंजीता एक्का<br>मुखिया चकला पंचायत | संगीता लकड़ा<br>मुखिया चंदवा पूर्वी पंचायत | फुलजेन्सिया टोप्पो<br>मुखिया अलौदिया पंचायत | दुर्गावती देवी<br>मुखिया जमीरा पंचायत | |
| रमेश्वर उरांव<br>मुखिया बनहरदी पंचायत | सुष्मिता कुमारी<br>मुखिया बारी पंचायत | ललीता देवी<br>मुखिया बोदा पंचायत | अनिता भगत<br>मुखिया सेरक पंचायत | मालो देवी<br>मुखिया चेटर पंचायत | रंजीत उरांव<br>मुखिया चंदवा पूर्वी |
| विफई मुंडा<br>मुखिया लाधुप पंचायत | शकुंतला देवी<br>मुखिया बरवाटोली पंचायत | नरेश भगत<br>मुखिया कामता पंचायत | पुष्पा देवी<br>मुखिया सासंग पंचायत | सुखनारायण सिंह<br>मुखिया हुटाप पंचायत | सुनिता खलखो<br>मुखिया डुमारो |

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा लातेहार जिला कमेटी की ओर से समस्त जिले वासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**लाल मोती नाथ शाहदेव** – पूर्व जिला अध्यक्ष, लातेहार
**अफजल अंसारी** – पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष, बरवाडीह
**शमशुल होदा** – पूर्व जिला सचिव, लातेहार



76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त चंदवा प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर प्रह्लाद मोटर्स की ओर से समस्त चंदवा प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**प्रह्लाद राम वर्मा**

TATA MOTORS
टाटा ऑथराइज सर्विस स्टेशन चंदवा

76 वें गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर समस्त चंदवा प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**संतोष सिंह**
मे. संतोष कन्स्ट्रक्शन चंदवा

# 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सदर प्रखंड की समस्त जनता समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**जागो महतो**
प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर पलामू।

सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



सदर प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित

**अमरदीप सिंह बल्होत्रा**
अंचलाधिकारी प्रखंड सदर।

सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



सदर प्रखंड क्षेत्र को शांतिपूर्ण व अपराधमुक्त बनाने को लेकर संकल्पित

**उत्तम कुमार राय**
थाना प्रभारी सदर पलामू।

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**अनिल कुमार साव**
प्रोपराईटर : आरके इंटरप्राइजेज चियांकी डीएवी स्कूल के पीछे कार्यालय।

सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**टाईगर कुमार**
जेनरल अध्यक्ष रामनवमी पूजा समिति सुआ कौड़िया प्रखंड सदर पलामू।

चैनपुर प्रखंड समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**श्रीराम शर्मा**
थाना प्रभारी चैनपुर पलामू

झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**चेरो राजवंश राज दुलार सिंह**
सुआ कौड़िया सदर।

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**ललन चौधरी**
पूर्व विधायक प्रत्याशी डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र।

सदर प्रखंड समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**दुलारी देवी**
मुखिया पंचायत सुआ सदर पलामू।



**उपाध्याय सिंह**
जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय चेरो जनजाति महासंघ।

सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**उदय उरांव**
समाजसेवी सदर पलामू।



**ललित कुमार**
सदर पलामू।

सदर प्रखंड समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**सुबोध विश्वकर्मा**
अध्यक्ष यंग जागृति संघ सदर पलामू।



**अनुप सिंह**
महामंत्री यंग जागृति संघ सदर पलामू।

कौड़िया पंचायत समेत सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**कुमारी अंजना सिंह**
मुखिया पंचायत कौड़िया सदर पलामू।



**रबिंद्र सिंह**
शिक्षक कौड़िया सदर पलामू।

पोलपोल पंचायत समेत सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**पुष्पा देवी**
मुखिया पंचायत पोलपोल सदर पलामू।

कौड़िया पंचायत समेत सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**गुलाम सरवर**
रोजगार सेवक कौड़िया सदर पलामू।

मनातू प्रखंड समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**अंकेश कुमार**
जेई प्रखंड मनातू पलामू।

सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**प्रभा देवी**
मुखिया पंचायत जोड़ सदर पलामू।



**नरेंद्र मेहता**
समाजसेवी जोड़ प्रखंड सदर पलामू।

सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**प्रियम कुमारी**
प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीयकृत मध्य विद्यालय सुआ सदर।

चियांकी पंचायत समेत सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**डॉ अजीत कुमार**
मां लक्ष्मी मेडिकल चियांकी चेकपोस्ट सदर।

सुआ पंचायत समेत सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**प्रियंका कुमारी**
पंचायत सचिव सुआ सदर पलामू।

कौड़िया पंचायत समेत सदर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**प्रीति कुमारी**
पंचायत सचिव कौड़िया प्रखंड सदर पलामू।

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**सुरेश कुमार**
जिला गव्य पदाधिकारी मेदिनीनगर पलामू।

सदर प्रखंड वासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**डॉ राहुल कुमार**
आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी प्रखंड सदर मेदिनीनगर पलामू।

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**मुकेश दूबे**
समाजसेवी कांदु मुहल्ला मेदिनीनगर।

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**बैजनाथ सिंह**
प्रोपराइटर : मान्य बोरवेल एस शिवस्थान हमीदगंज डालटनगंज
बोरवेल के लिए सेवा करने का मौका दें। मो. नंबर 9570148681

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**सुशीला देवी**
पंचायत समिति सदस्य चियांकी सदर पलामू।



**सतीश तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी**
पूर्व पंचायत समिति चियांकी सदर पलामू।

सदर प्रखंड वासियों समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**हृदया सिंह**
राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ।

सदर प्रखंड पलामू जिलेवासिों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**प्रदीप पासवान**
समाजसेवी चियांकी सदर पलामू।

# पुलिस अधीक्षक का कार्यालय लोहरदगा, झारखण्ड



76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

समाज के भटके हुए लोग मुख्य धारा से जुड़कर विकास में भागीदारी निभाए, हिंसा का दामन छोड़कर मुख्य धारा में लौटे नक्सली

**अपील**

लोहरदगा पुलिस अपने सभी भाईयो बहनो एवं साथियों का गणतंत्र दिवस पर अभिनदन करती हैं एव अपील करती है कि लोहरदगा जिला में शांति और आपसी भाईचारा के साथ सौहार्द वातावरण बनाये तथा शहर एवं देश के विकास में सहयोग करें। राज्य सरकार की नई आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर नक्सली हथियार छोड़कर मुख्य धारा में शामिल हो और एक बेहतर जिंदगी जिये। लोहरदगा पुलिस आपके हर सुख दुख का साथी है।

पुलिस अधीक्षक लोहरदगा। मो0न0-9431706218
पुलिस उपाधीक्षक (मु0), लोहरदगा। मो0-9431361305
अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, लोहरदगा। मो0-9431129614
अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, किरको, लोहरदगा । मो0-7004540014

ज्ञापांक : 47 / ले0शा0 लोहरदगा, दिनांक 25.01.2025

निवेदक,
लोहरदगा पुलिस

## कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।

किसान भाईयों

76 वां गणतंत्र दिवस की बधाई एवं जोहार

[illegible]

अधिक जानकारी हेतु प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/BTM/ATM / उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा / जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

ज्ञापांक 74/ लोहरदगा/दिनांक 25-1-25

जिला कृषि पदाधिकारी
लोहरदगा

---

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**जयदेव कुमार पासवान**
युवा समाजसेवी
पलामू।

---

सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय महाविद्यालय परिवार की ओर से तरहसी प्रखंड समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।

**सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय महाविद्यालय**
तरहसी पलामू।

---

तरहसी प्रखंडवासियों समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**डॉ दिलीप सिंह**
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उप स्वास्थ्य केंद्र तरहसी मनातू।

---

मनातू प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**मदन कुमार सुमन**
अंचलाधिकारी
मनातू पलामू।

---

मनातू प्रखंड समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**आदया सहाय**
**शिवी सहाय**
मनातू पलामू।

---

सेलारी पंचायत समेत तरहसी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**जहान आरा**
मुखिया, पंचायत सेलारी
तरहसी पलामू।

---

तरहसी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**दीपक कुमार**
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तरहसी पलामू।

---

पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**गोपाल दुबे**
आरक्षी /1136
झारखंड पुलिस पलामू।

---

तरहसी प्रखंडवासियों समेत पलामू जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**कृष्ण मुरारी सिंह**
जिला परिषद सदस्य
तरहसी पश्चिमी।
तरहसी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित

---

चैनपुर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**उमाकांत दुबे**
सचिव पूर्वडीहा
विकास समिति

---

चैनपुर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**राम लव चौरसिया**
जिला पार्षद चैनपुर
उत्तरी, पलामू।

---

चैनपुर प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।



**धनंजय दुबे उर्फ कुलबुल दुबे**
पूर्व मुखिया पूर्वडीहा
पंचायत।

---

RKDF UNIVERSITY
EKUDIO GLORIFICATE
Education Glorifies Nation
RANCHI
RKDF University, Ranchi
approved by UGC / MHRD / AIU / BCI / PCI / Jharkhand Govt. & ISO Certified.
Kathal More - Argora - Ranchi Rd, Dhipatoli, Pundag, Ranchi, Jharkhand 834004
Mo 7091168777

---

# सतबरवा प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।

मुखिया सतबरवा पंचायत की ओर से पंचायत व प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**रीना साहू**
मुखिया सतबरवा
पंचायत पलामू।

---

विधानसभा क्षेत्र सहित सतबरवा प्रखंड वासियों को 76 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**आलोक कुमार चौरसिया**
विधायक डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा
निवेदक : राणा प्रताप कुशवाहा
विधायक प्रतिनिधि सतबरवा।

---

उप प्रमुख सतबरवा प्रखंड की ओर से 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



**कामाख्या नारायण यादव**
उप प्रमुख सतबरवा
प्रखंड पलामू।

---

प्रखंड प्रमुख सतबरवा की ओर से प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र की शुभकामनाएं



**रीमा देवी**
प्रखंड प्रमुख
सतबरवा पलामू।

---

76वें गणतंत्र दिवस की सतबरवा प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**सुधा कुमारी**
जिला परिषद सदस्य
सतबरवा पलामू।

---

प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**आशीष सिन्हा**
सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा नेता
पोंची (सतबरवा)

---

थाना प्रभारी सतबरवा की ओर से सतबरवा थाना क्षेत्र वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**अंचित कुमार**
थाना प्रभारी
सतबरवा पलामू।

---

मुखिया की ओर से सभी पंचायत वासियों तथा प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**संतोष उरांव**
मुखिया बकोरिया
पंचायत सतबरवा
पलामू।

---

मुखिया की ओर से सभी पंचायत वासियों तथा प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**पुष्पा देवी**
मुखिया रबदा
पंचायत सतबरवा
पलामू।

---

मुखिया की ओर से सभी पंचायत वासियों तथा प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**निरोत्मा कुमारी**
मुखिया बारी
पंचायत सतबरवा
पलामू।

---

डीलर संघ सतबरवा की ओर से जन वितरण प्रणाली के सभी दुकानदार एवं प्रखंड वासियों को 76 वे गणतंत्र की हार्दिक शुभकामनाएं।

**डीलर संघ**
सतबरवा पलामू।

---

वार्डन की ओर से विद्यालय परिवार एवं प्रखंड वासियों को 76 वे गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**सुषमा कुमारी**
वार्डन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिवार
सतबरवा पलामू।

---

मुखिया की ओर से सभी पंचायत वासियों तथा प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**अनीता देवी**
मुखिया रेवारातू
पंचायत सतबरवा
पलामू।

---

मुखिया की ओर से सभी पंचायत वासियों तथा प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**कलावती देवी**
मुखिया बोहिता
पंचायत सतबरवा
पलामू।

---

बोहिता चिप्स क्रशर की ओर से सभी कर्मी एवं प्रखंड वासियों को 76वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**अमित सिन्हा**
प्रोपराइटर बोहिता
चिप्स क्रशर

---

76 वे गणतंत्र दिवस की झारखंड वासियों एवं प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**विवेक त्रिपाठी**
सचिव इप्टा
झारखंड लहलहे,
मेदिनीनगर पलामू।

---

विद्यालय परिवार एवं प्रखंड वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**कमलेश प्रसाद**
प्रभारी प्रधानाध्यापक
राजकीय उत्क्रमित
मध्य विद्यालय
लोहड़ी।

---

उप मुखिया सतबरवा की ओर से ग्राम पंचायत वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।



**अर्चना कुमारी**
उप मुखिया
सतबरवा
पलामू।

---

पलामू जिलावासियों समेत समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं

निवेदक

# जिला क्रसर एसोसिएशन

पलामू, झारखण्ड।

# 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने गोपाल मैदान में किया झंडोत्तोलन

--जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एसडीएम धालभूम, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), पुलिस अधीक्षक (नगर), प्रोबेश्नर आईपीएस तथा प्रशासन-पुलिस के अन्य पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में जिलेवासी समारोह में हुए शामिल

--उपायुक्त ने आवासीय कार्यालय, समाहरणालय एवं रेड क्रॉस भवन, वरीय पुलिस अधीक्षक ने एसएसपी कार्यालय, आवासीय कार्यालय एवं पुलिस लाइन, परियोजना निदेशक ने आईटीडीए कार्यालय, एसडीओ धालभूम ने अनुमंडल कार्यालय धालभूम, एसडीओ घाटशिला ने अनुमंडल कार्यालय घाटशिला में किया झंडोत्तोलन

--सभी प्रखंड मुख्यालयों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में कार्यालय प्रधान द्वारा झंडोत्तोलन कर दी गई राष्ट्रीय झंडे को सलामी, जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

## राज्यवासियों एवं जिलावासियों को दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं








**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में आयोजित किया गया । समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग, झारखंड श्री रामदास सोरेन ने झण्डारोहण किया एवं परेड की सलामी ली । समारोह में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ऋषभ गर्ग, पुलिस अधीक्षक नगर श्री कुमार शिवाशीष, प्रोबेश्नर आईपीएस श्री ऋषभ त्रिवेदी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

जिला स्तरीय समारोह में परेड का प्रदर्शन एवं झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। परेड में 8 टुकड़ियां शामिल हुई जिसमें एनसीसी बालिका को प्रथम, जिला सशस्त्र पुलिस (पुरूष) को द्वितीय तथा जिला सशस्त्र पुलिस (महिला) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं झांकी में प्रथम स्थान परिवहन विभाग, द्वितीय स्थान सिविल डिफेंस तथा तृतीय स्थान कल्याण विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

माननीय मंत्री द्वारा राष्ट्र की सेवा में वीरता पुरस्कार प्राप्त छह सैनिकों एवं उनके परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया जिनमें एयर कमोडोर बीएस मारवा, वायु पदक (वीरता), कर्नल अरूप रतन बसु, युद्ध सेवा पदक (वीरता), कर्नल राजेश सिंह, शौर्य चक्र, सेना पदक (वीरता), जूनियर वारंट ऑफिसर मोहम्मद जावेद, शौर्य चक्र तथा सिपाही गणेश हांसदा, सेना पदक (मरणोपरांत), सिपाही दिलीप बेसरा, सेना पदक (मरणोपरांत) के परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिजनों को भी माननीय मंत्री ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर माननीय मंत्री द्वारा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन/ तथा अपनी जिम्मेदारियों को कर्तव्यनिष्ठा से निभाने वाले जिला प्रशासन के पदाधिकारी व कर्मी, पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवानों को सम्मानित किया गया ।

माननीय मंत्री श्री रामदास सोरेन ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए राज्य एवं जिलावासियो को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें दी । उन्होने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर भारत वर्ष की आजादी के लिए कुबार्नी देने वाले सभी महापुरुषों को नमन करने की जरूरत है। आजाद भारत को, हमारे देश के स्वतन्त्रता सेनानियों और नेतृत्वकारियों ने देश को एक अनमोल सविधान की रचना कर हमें दिया है। जिसे हम प्रतिवर्ष 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के रूप में याद करते हैं। हम यह भी स्मरण करते हैं कि संविधान को आत्मसात करते हुए कौन कौन सी उपलब्धियाँ हासिल की है ।

माननीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में भारतीय संविधान के दायरे में ही हमने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड अलग राज्य को प्राप्त किया है। इस राज्य के निर्माण में कई झारखण्ड आन्दोलनकारियो ने अपनी शहादत दी है। इसलिए झारखण्ड अलग राज्य निर्माण में हुए शहीदों के सपनो को भी साकार करना हमारी जिम्मेवारी है। हमारा पूर्वी सिंहभूम जिला इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विकास सम्बन्धी योजनाओं को बनाते हुए विकास की ओर अग्रसर है।

माननीय मंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिला की उपलब्धि उल्लेखनीय रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 609 कुपोषित बच्चों का ईलाज कर पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री गम्भीर बीमारी उपचार योजना से इस वित्तीय वर्ष में 146 लाभुकों को लाभ दिया गया है । राज्य सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार कुष्ठ मरीजों, यक्ष्मा मरीजों के ईलाज के साथ-साथ महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराया जा रहा है।

आपूर्ति विभाग- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम हमारे पूर्वी सिंहभूम जिला में अक्टूबर 2015 से लागू है। इस योजना से जिला में कुल 4 लाख 44 हजार 867 परिवार अच्छादित हैं। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना पूर्णतः राज्य सरकार की योजाना है जिससे कुल 47 हजार 474 परिवार लाभ ले रहे हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री दाल भात योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना, चना दाल वितरण योजना, धान अधिप्रति योजना सफलतापूर्वक चलाये जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में- झारखण्ड अधिविद परिषद द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में आयोजित माध्यमिक परीक्षा में पूर्वी सिंहभूम जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पटमदा की छात्राओं ने पाइप बैंड प्रतियोगिता में देश की राजधानी दिल्ली के परेड में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज की तथा पहला स्थान प्राप्त किया । खेलकूद के क्षेत्र में भी हमारे जिला के छात्र-छात्राओं ने पदक जीत कर मान बढ़ाया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री होने के नाते शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण भिक्षा के साथ-साथ सभी तरह के संसाधनों से युक्त शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करना मेरी प्राथमिकता है। जिला में चल रही कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सहित सभी सरकारी विद्यालयो को सुविधाओं से लैस किया जायेगा। सरकारी स्कूलों के बच्चों को समय पर पोषाक, पाठ्य पुस्तक के साथ-साथ गुणवत्ता पूर्ण मध्याह्न भोजन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग- मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में प्रति परिवार को एक वित्तीय वर्ष मे 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निधारित किया गया है। इस मामले में पूर्वी सिंहभूम राज्य प्रथम स्थान पर है। पूर्वी सिंहभूम जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री स्मार्ट ग्राम योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, फुलो झानो आशिर्वाद योजना भी सफलतापूर्वक चलाई जा रही है।

कल्याण विभाग से प्री मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साईकिल वितरण, वन पट्टा वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं बिरसा आवास निर्माण एवं आदिम जनजाति ग्रामोत्थान योजना से लक्ष्य निधारित करते हुए लाभ दिलाया जा रहा है।

पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में भी पूर्वी सिंहभूम जिला ने उल्लेखनीय कार्य किया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति क्षेत्रों के साथ-साथ आदिम जनजाति गाँव एक टोलों मे पेय जल उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है । माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया है। इसके तहत झारखण्ड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना ने अभूतपूर्व सफलता जिले में पाई है। छात्राओं के लिए सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सर्वजन पेंशन योजना आदि कई योजनाओं से लाभुको को जोड़ने में पूर्वी सिंहभूम जिला ने सफलता पाई है। कृषि लघु सिंचाई, पंचायती राज व्यवस्था के तहत सरकार के लाभकारी योजनाओं का लाभ किसानों और ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जा रहा है ।

माननीय मंत्री ने आह्वान किया कि आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी प्रबुद्ध नागरिकों एक समाज सेवियों की सहयोग की आवश्यकता है, तभी हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। आईये हम सब आज इस गणतन्त्र दिवस पर पूर्वी सिंहभूम जिला के साथ-साथ राज्य के विकास के लिए मिलकर कार्य करते का प्रण लें और राज्य के विकास मे जन भागीदारी निभायें।

76वें गणतंत्र दिवस पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा आवासीय (गोपनीय) कार्यालय, समाहरणालय एवं रेड क्रॉस भवन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल ने आवासीय (गोपनीय) कार्यालय, एसएसपी कार्यालय एवं पुलिस लाइन, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी ने आईटीडीए कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने धालभूम अनुमंडल कार्यालय, घाटशिला अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ श्री सुनील चंद्र, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव ने जिला जनसंपर्क कार्यालय समेत प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में बीडीओ एवं सीओ, थानों में थाना प्रभारी, गैर सरकारी संस्थान व शिक्षण संस्थानों में भी झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी गई। जिले भर में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया।

## खबर एक नजर में

### विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था बनने पर टाटा मोटर्स का रहेगा योगदान : प्लांट हेड सुनील




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स प्लांट, जमशेदपुर ने 76वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। टाटा मोटर्स, जमशेदपुर के प्लांट हेड सुनील तिवारी ने टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, ध्वज को सलामी देने के बाद परेड का निरीक्षण भी किया। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा, जो इसकी लचीलापन और विकास का प्रमाण है। उन्होंने प्रतिभागियों की बढ़ी हुई क्षमता के साथ हानि संस्कृति पर जोर दिया। उन्होंने एसक्यूपीडीसीएम (सुरक्षा, गुणवत्ता, उत्पादकता, वितरण लागत और मनोबल, विविधता और समावेश, टाउनशिप विकास) पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। टाटा मोटर्स जमशेदपुर एक विश्व स्तरीय सुविधा बनी रहे। श्री तिवारी ने राष्ट्र निर्माण और सामुदायिक विकास में टाटा समूह की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया, नवाचार और उत्कृष्टता की सराहना की। इस दौरान उन्होंने टाटा ग्रुप के कई उपलब्धियां पर लोगों से तालियां बजवाई। समारोह के दौरान 14 स्कूल के बच्चों ने रंगारंग ड्रिल, झांकी का मनोहक प्रदर्शन किया। अंत में टाटा मोटर्स के स्वान ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन दिखाएं।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने जुस्को ग्रीन में धूमधाम से मना 76वां गणतंत्र दिवस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) ने 76वें गणतंत्र दिवस को जुस्को ग्रीन में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया । इस अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे, अन्य पदाधिकारी और वरिष्ठ नेतृत्व टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जुस्को स्कूल कदमा के छात्रों और टाटा स्टील यूआईएसएल के सुरक्षा विभाग के सदस्यों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को देशभक्ति की भावना से भर दिया और भारतीय संस्कृति की विविधता का प्रदर्शन किया। ऋतु राज सिन्हा ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व और भारतीय संविधान में निहित मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कंपनी की स्थिरता, नवाचार और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर बल दिया, जो राष्ट्र की प्रगति और विकास के साथ जुड़ी है।

समारोह में कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीत भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता का उत्सव बने । इस अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल ने राष्ट्र के विकास में योगदान देने और अपनी उत्कृष्टता, जिम्मेदारी और ईमानदारी के मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### टाटा कंपनी लीज नवीकरण मामला

## झारखंड मूलवासी अधिकार मंच ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड मूलवासी अधिकार मंच के द्वारा उपायुक्त जमशेदपुर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन का मुख्य विषय है कि टाटा कंपनी लीज नवीकरण अभी होना है उसमें उद्योग, समाज सेवा, खेल, कला, संस्कृति कॉलम रखा गया है। यानी उनके प्रतिनिधि लीज नवीकरण कमेटी में रहेंगे। लेकिन टाटा कंपनी, एयरपोर्ट और डिमना डैम से हुए विस्थापितों हु इस कमेटी में नहीं रखा गया। झारखंड मूलवासी अधिकार मंच के मुख्य संयोजक हरमोहन महतो ने मांग किया कि लीज नवीकरण कमेटी को पहले भंग किया जाए. और उसके बाद उसमें विस्थापितों का भी एक कलम जोड़ा जाए। ताकि कंपनी एयरपोर्ट और डिमना डैम से हुए विस्थापित भी इस कमेटी में रहे और अपने जायज मांग को सरकार एवं कंपनी के समक्ष रख सके।

उच्चतम न्यायालय के पी रम्मी रेड्डी जजमेंट 1998 एवं समता जजमेंट 1997 के आलोक में पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में राज्यपाल के लोक अधिसूचना एवं ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल, ग्राम सभा के अनुमति के बिना किसी बाहरी लोगों को गैर आदिवासी कॉलेज एवं सबलीज देना असंवैधानिक एवं गैरकानूनी है।

### टाटा स्टील वर्कस मेन गेट पर कंपनी के

## वीपी, सीएस चाणक्य चौधरी ने झंडा फहराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर रविवार को टाटा स्टील वर्कस मेन गेट पर कंपनी के वीपी, सीएस चाणक्य चौधरी ने झंडा फहराया। मौके पर कंपनी की वीपी एचआरएम अत्रेयी सान्याल, टाटा स्टील यूआईएसएल एमडी ऋतु राज सिन्हा समेत कंपनी के अन्य वरीय अधिकारी तथा यूनियन की ओर से अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, महामंत्री सतीश कुमार सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह समेत अन्य यूनियन पदाधिकारी तथा पूर्व अध्यक्ष पीएन सिंह आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने झंडा फहराया व परेड का निरीक्षण किया। वीपी सीएस ने कहा कि गणतंत्र दिवस टाटा स्टील के लिए विशेष महत्व रखता है। कंपनी जमशेदजी टाटा के विजन पर बनी थी, जिनका मानना था कि उद्योग को राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। उनका सपना सिर्फ स्टील का उत्पादन करना नहीं था, बल्कि एक बेहतर भारत का निर्माण करना था जहां आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण साथ-साथ चलें। आज, एक सदी से भी ज्यादा समय बाद, हम उस विजन को कायम रखते हुए, औद्योगिक उत्कृष्टता को आगे बढ़ाते हुए, उन समुदायों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता बनाए रखते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं।

## गणतंत्र दिवस झांकी में रतन टाटा के योगदान को प्रमुखता से किया गया याद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के वीपीसीएस चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील वर्क्स मेन गेट स्थित जमशेद जी की प्रतिमा के समीप राष्ट्रीय तिरंगा फहराकर ७६वा गणतंत्र दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी भी ली। मौके पर कंपनी की वीपी एचआरएम अत्रेयी सान्याल, टाटा स्टील यूआईएसएल एमडी ऋतु राज सिन्हा समेत कंपनी के अन्य वरीय अधिकारी तथा यूनियन की ओर से अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, महामंत्री सतीश कुमार सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह समेत अन्य यूनियन पदाधिकारी तथा पूर्व अध्यक्ष पीएन सिंह आदि उपस्थित थे।

# झारखण्ड के सरकारी स्कूलों के 800 बच्चे शैक्षणिक भ्रमण को गये पूरी

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने टाटा-पुरी स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** माननीय शिक्षा मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग, झारखंड रामदास सोरेन ने 800 स्कूली बच्चों को टाटा-पुरी स्पेशल ट्रेन से पुरी के शैक्षणिक भ्रमण पर टाटानगर स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। राज्य अंतर्गत विभिन्न जिलों के कुल 800 बच्चे पुरी भेजे गये हैं जिनमें 100 बच्चे पूर्वी सिंहभूम जिला के शामिल हैं। प्रत्येक जिला से तीन-तीन शिक्षक भी इस यात्रा में शामिल हैं।

माननीय मंत्री ने इस मौके पर ट्रेन के पैंट्री कार का निरीक्षण कर बच्चों को दी जाने वाली मेन्यू की जांच की तथा ट्रेन के बोगियों में जाकर बच्चों से भी मिले तथा यात्रा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत सुदूर दुर्गम, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी इस यात्रा में शामिल हैं। इस यात्रा से स्कूली बच्चों को काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा, यह अनुभव उन्हें जीवनपर्यंत काम आएगा, राज्य सरकार सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है। पूर्वी सिंहभूम जिला में भी बच्चों को विभिन्न निजी कंपनियों व जिला अंतर्गत अन्य दर्शनीय, पर्यटन स्थल का भ्रमण कराया जा रहा है जो निश्चित ही राज्य सरकार के दिशा निदेर्शानुसार सार्थक प्रयास साबित होगा। इस यात्रा को लेकर बच्चे भी काफी उत्साहित दिखे।

## वरिष्ठ नागरिक मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप ने मिठाई बाँट मनाई गणतंत्र दिवस की खुशियां

**जमशेदपुर।** वरिष्ठ नागरिक सह मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप के सदस्यों ने कदमा सोनारी लिंक रोड गोल चक्कर के समीप 76 में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर तिरंगे झंडे को सलामी दिया एवं समस्त भारतवासियों को शुभकामनाएं व बधाइयां दी, साथ ही साथ मॉर्निंग वॉकर्स एवं राहगीरों के बीच भी मिठाइयां वितरित किए गए। मुख्यरूप से रामदेव जी, एस एन मित्रा, श्रीकांत देव, एल एस दास, गुलशन सहगल, भरत भूमिज, ए के राय, एस एस दास, गणेश चौधरी, शंभू सरदार, धीरेन गोराय, विनोद सिंह, अनिल, शर्मा जी के साथ कई और भी सदस्य उपस्थित थे।

## संविधान के नाम पर आरोप-प्रत्यारोप बेहद दुखदायीः सरयू

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि संविधान के 75 साल पूर्ण होने के बाद इसे लेकर जिस तरीके से देश भर में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है, वह दुखद है। श्री राय ने यह भी कहा कि हर राजनीतिक दल अपने स्तर पर संविधान की चर्चा कर रहा है। समीक्षा के नाम पर संविधान में प्रदत्त अधिकारों और उसकी व्याख्याओं को एकांगी होकर देखा जा रहा है। यह दुखद है। गणतंत्र दिवस के मौके पर बिष्टुपुर स्थित आवास/कार्यालय और बारीडीह कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद सरयू राय ने कहा कि राजनीतिक दल एकांगी होकर सोच रहे हैं और धारणा बना रहे हैं। दल विशेष यह चाहता है कि जो उनकी धारणा है, वही अन्य सियासी दल भी मानें।

## अमर ज्योति स्कूल में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**जमशेदपुर।** मानगो के अमर ज्योति स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में सय्यद साजिद परवेज और ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के आफताब आलम भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सभी ने मिलकर झंडे को सलामी दी और राष्ट्रीय गान गाया। बच्चों ने किया शानदार मार्च पास्ट प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूल के चार ग्रुप–ग्रीन हाउस, रेड हाउस, येलो हाउस, और ब्लू हाउस के छात्रों द्वारा किया गया शानदार मार्च पास्ट रहा। मुख्य अतिथि मुख्तार आलम खान और अमर ज्योति स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर सुरभि ने मार्च पास्ट की सलामी ली और बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की।

# नकारात्मक संकेत

विश्व बैंक के मध्यम अवधि के अनुमान में खास तौर पर उभरते बाजारों और विकासशील देशों के लिए उसका आकलन ऐसी तस्वीर पेश करता है, जो नीति निमार्ताओं को चिंतित कर सकती है। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक वृद्धि में 60 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले ये देश जिस प्रति व्यक्ति आय के साथ इक्कीसवीं सदी के दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं उसके कारण उन्हें विकसित देशों के स्तर तक पहुंचने में पहले से भी अधिक समय लगेगा। मध्यावधि में धीमी वैश्विक वृद्धि का नतीजा भारत को भी भुगतना होगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.4 फीसदी दर से बढ़ेगी। यह गत वित्त वर्ष में हासिल 8.2 फीसदी की गति से बहुत धीमी है। अर्थशास्त्र के विद्वानों का तर्क है कि भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी के बाद की तेज वापसी के पश्चात अपनी सामान्य वृद्धि दर की ओर लौट रही है। ऐसे में मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाओं को तेज करने पर ध्यान देना होगा। मध्यम अवधि में वृद्धि के पूवार्नुमान तो चुनौती भरे हैं ही, निकट भविष्य में भी अनेक जोखिम हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी संकेत किया है कि टैरिफ की नई लहर के रूप में संरक्षणवादी नीतियों के गहराने से व्यापार में तनाव बढ़ सकता है, निवेश घट सकता है, बाजार क्षमता में कमी आ सकती है, व्यापार का प्रवाह बिगड़ सकता है और आपूर्ति श्रृंखला में उथलपुथल मच सकती है। इससे मध्यम और निकट दोनों अवधियों में वृद्धि को झटका लग सकता है। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन से संरक्षणवादी नीतियों के साथ जिस तरह की मौद्रिक नीति की अपेक्षा है, उससे निकट भविष्य में अमेरिका की वृद्धि दर बढ़ सकती है। किंतु दुनिया भर में धन के प्रभाव और डॉलर की ताकत पर असर पड़ सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# न सुशासन, न रोजगार, सिर्फ फ्रीबीज की बौछार

कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी 'तलाक' ले लेती है!

चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति अक्सर सफल होती आई है।

शायद इसलिए जनता, सरकार और सुशासन के मुद्दे गौण पड़ जाते हैं और फ्रीबीज की चर्चा घर-घर पहुंचकर चुनावी खेल कर देती है। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि सुशासन से लेकर रोजगार के मोर्चे पर विफल हो चुकीं जनतांत्रिक सरकारों के द्वारा जिस तरह से फ्रीबीज की घोषणाएं की जा रही हैं, क्या यह देश की आर्थिक व्यवस्था यानी अर्थव्यवस्था के लिहाज से उचित है या फिर अनुचित है? यदि अनुचित है तो इससे बचने का रास्ता क्या है?

शासक-प्रशासक बेहतर हो तो क्षणिक सुख-शांति संभव है, अन्यथा जलालत ही मानवीय सच है।

याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटा को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है। चाहे संसदीय चुनाव हो या विधान मंडलीय चुनाव, या फिर स्थानीय चुनाव, होने तो 5 साल में ही हैं। इसलिए जैसे तैसे चुनावी वायदे करके सरकार बना लो, इसी घुड़दौड़ में सभी




राजनीतिक दल जूटे हुए हैं।

अब लोगों की दिलचस्पी न तो आजादी के तराने सुनने में है, न ही हिंदुत्व की माला जपने में। समाजवाद से लेकर वामपंथ तक अपने ही राजनीतिक हमाम में नंगे हो चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस विरोधी 'सम्पूर्ण क्रांति' की सफलता-विफलता के लगभग चार दशक बाद हुई दूसरी कांग्रेस विरोधी 'अन्ना हजारे क्रांति' की सफलता से उपजी आम आदमी पार्टी ने जो फ्रीबीज की सियासी लत लगाई और दिल्ली से पंजाब तक कांग्रेस-भाजपा का सफाया कर दी, उससे दोनों पार्टियों ने शुरूआती आलोचनाओं के बाद आप के सियासी एजेंडे को ही अपनाने में सफलता पाई। हिमाचल प्रदेश से कर्नाटक तक कांग्रेस की विजय और हरियाणा से उड़ीसा तक भाजपा की जीत इसी बात की साक्षी है।

वह भी तब, जब करदाताओं की ओर से इसकी खुलेआम आलोचना हो रही है। वहीं, आपने देखा-सुना होगा कि केंद्र सरकार की अटपटी नीतियों पर सर्वोच्च न्यायालय तक ने टिप्पणी की, कि आखिर 80 करोड़ लोगों को आप कबतक मुफ्त या फिर कम कीमत पर अनाज देंगे। ऐसे में उन्हें आप रोजगार क्यों नहीं दे देते! कोर्ट की यह टिप्पणी जायज है और प्रशासन यदि चाहे तो उसके लिए यह मुश्किल भी नहीं है।



**- कमलेश पांडे**

> वहीं, आम आदमी पार्टी ने अनुमन्य यूनिट तक फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री और किफायती शिक्षा व स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, लक्षित वर्गों को अलग-अलग नगद आर्थिक मदद आदि जैसी जो चुनावी-प्रशासनिक रवायतें शुरू की है, और अब उन्हीं की देखा-देखी कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों में भी इस नीतिगत मुद्दे पर आपाधापी मची हुई है।

वहीं, आम आदमी पार्टी ने अनुमन्य यूनिट तक फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री और किफायती शिक्षा व स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, लक्षित वर्गों को अलग-अलग नगद आर्थिक मदद आदि जैसी जो चुनावी-प्रशासनिक रवायतें शुरू की है, और अब उन्हीं की देखा-देखी कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों में भी इस नीतिगत मुद्दे पर आपाधापी मची हुई है, यह नीति एक नए आर्थिक और अर्थव्यवस्था के संकट को जन्म दे सकती है। इसलिए इसको हतोत्साहित करने के लिए मतदाताओं को ही आगे आना होगा, अन्यथा यह नीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक कैंसर साबित होंगे। डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये भी तो इसी बात की चुगली करते हैं।

आपने देखा-सुना होगा कि सरकार ने उद्योगपतियों के इतने के कर्जे माफ कर दिए, या फिर इतनी की सब्सिडी इन-इन धंधों/पेशों में दी जा रहीं हैं। इसी तरह से सरकार ने किसानों के इतने के कर्जे माफ कर दिए और इन-इन चीजों पर इतनी सब्सिडी दे रही है। इसी तरह से समाज के विभिन्न वर्गों को भी लुभाने के लिए सरकार कुछ न कुछ देकर दानी-दाता बनी हुई है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकार सबको सुशासन क्यों नहीं दे रही है? सड़कों पर इंसान सुरक्षित क्यों नहीं है? चाहे खेती हो या कारोबार, चोरी और लूट की बढ़ती फितरत से उद्यमी व मेहनतकश वर्ग परेशान है। वहीं, डिजिटल धोखाधड़ी और प्रशासनिक तिकड़मों का तो कहना ही क्या है? बेहतर पुलिसिंग आज भी यक्ष प्रश्न है।

वहीं, राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधनों पर सरकार और उसके पूंजीपति मित्रों का बढ़ता कब्जा, भूमि और मौद्रिक संसाधनों के असमान बंटवारे की नीति, समान मताधिकार से इतर विभिन्न कानूनी असमानताएं समाज और व्यवस्था को निरंतर खोखला करती जा रही हैं। इससे पूंजीपतियों की जमात, उनके शागिर्द, प्रशासनिक हुक्मरान और उसकी पूरी चेन, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की फौज और उनके करीबी लोग तो हर तरीके से मस्त हैं, लेकिन आमलोगों की फटेहाली पर तरस खाना स्वभाविक है। जिनके पास कुछ पूंजी-पगहा, मकान-दुकान या खेती योग्य जमीन या फिर छोटी-मोटी निजी या सरकारी नौकरी है, वह तो किसी तरह गुजर-बसर कर लेते हैं, लेकिन जो न शिक्षित हैं, न संसाधनों से लैस, उनकी बेचारगी देखते ही बनती है।

ऐसे में सबको समान शिक्षा और योग्यता के मुताबिक रोजगार देने की सरकारी नीति आखिर कब आकार लेगी, ज्वलंत प्रश्न है। वहीं, न तो सबके लिए जनस्वास्थ्य सुनिश्चित है और न ही सुविधाजनक परिवहन। गरीबी हटाओ और रोटी-कपड़ा-मकान का नारा भी टांय-टांय फिस्स हो चुका है। सबको शिक्षा-स्वास्थ्य-सम्मान की सामाजिक न्याय वाली बात भी पूंजीपतियों के एजेंडे की दासी बन चुकी है। यह सब इसलिए कि भले ही सरकार अपने नागरिकों के लिए विभिन्न राष्ट्रीय समानताओं की बात करती है, लेकिन असमान कानूनों को गढ़कर वह ही सबसे ज्यादा सामाजिक विभेद भी पैदा कर रही है।सवाल है कि उसका लोकतंत्र आखिर पूंजीपतियों का संरक्षक क्यों बना बैठा है।

क्या फ्रीबीज का लॉलीपॉप थमाकर पूंजीपति सभी राष्ट्रीय संसाधनों पर काबिज हो जाएंगे, फिर उसके बाद लोगों को बाबाजी का ठुल्लू थमा देंगे, यही उनकी योजना है। यदि यही न्यू वर्ल्ड आर्डर है या फिर ग्लोबल पैटर्न तो फिर समाज के प्रबुद्ध वर्ग को सावधान हो जाना चाहिए।

## लेटर टू एडिटर

### लोकलुभावन वादे

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### गन कल्चर

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**सेवा** से अहमन्यता का नाश होता है और पवित्र अंतःकरण की निर्मिति होती है। अतः सेवा साधन नहीं अपितु समस्त आध्यात्मिक साधनों की फलश्रुति है। सेवा परमात्मा को रिझाने का अचूक साधन है, जो सेवा और पारमार्थिक कार्यों में संलग्न हैं, वही परमात्मा के प्रिय हैं। इस दृष्टि से देश के सुदूर और दुर्गमक्षेत्रों में कार्यरत सेवाव्रती परमात्मा के सच्चे प्रतिनिधि ही हैं । **- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के मूल्यों तथा आदर्शों से प्रेरित होकर बिना भेदभाव के हर गरीब, वंचित, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, पिछड़ी जातियों तथा महिलाओं के हितों व हकों के लिए कार्य कर रही है।

**- योगी आदित्यनाथ**

# मौसम विभाग ने अपनी उपयोगिता के अनुसार देश को सही सूचना दी

**सामयिक**

**मौसम विभाग की क्षमता में सुधार**

यह अल्पावधि में और दीर्घावधि में मौसम के रुझानों की विशेषज्ञतापूर्वक जानकारी देता है और मौसम से जुड़ी विपरीत घटनाओं को लेकर समय रहते चेतावनी देता है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 1875 में अपनी शुरूआत से लेकर अब तक काफी सफर तय कर लिया है। इसमें समय के साथ काफी सुधार हुआ है और अब यह देश की वैज्ञानिक उन्नति का प्रतीक है। यह अल्पावधि में और दीर्घावधि में मौसम के रुझानों की विशेषज्ञतापूर्वक जानकारी देता है और मौसम से जुड़ी विपरीत घटनाओं को लेकर समय रहते चेतावनी देता है। चूंकि भारत का मौसम विभाग हाल ही में 150 साल का हुआ है, इसकी महत्ता की अनदेखी नहीं की जा सकती है।

मौसम का पूवार्नुमान विभिन्न क्षेत्रों के रोजमर्रा के काम में अहम भूमिका निभाता है। इनमें खेती, सड़क और रेल परिवहन, उड़ान संचालन, बिजली संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन का प्रबंधन और यहां तक कि पर्यटन भी शामिल हैं। उदाहरण के लिए आईएमडी हवा के चलने की दिशा और गति बताता है, वह दिन के हिसाब से अधिकतम और न्यूनतम तापमान के ऐतिहासिक आंकड़े भी मुहैया कराता है ताकि सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों को लेकर जगह और डिजाइन का निर्धारण किया जा सके।

वर्षा, चक्रवात, लू की चपेट और सूखे का सही अनुमान भी भारत जैसे देशों में आपदा के बेहतर प्रबंधन को लेकर अहम है। पूवार्नुमान का सटीक होना समय के साथ बढ़ता गया। हालांकि अभी भी सुधार की गुंजाइश है। वर्ष1999 में ओडिशा में ह्यसुपर साइक्लोनह्न के बाद आईएमडी ने लगातार यह प्रयास किया है कि चक्रवात का अनुमान लगाने की उसकी क्षमता में सुधार हो।

वास्तव में चक्रवात को लेकर पूवार्नुमान लगाने की क्षमता 2000 के दशक के आरंभ के 20 फीसदी से बढ़कर 2020 में 80 फीसदी हो चुकी है। इसी प्रकार अतिरंजित मौसम की घटनाओं को लेकर चार-पांच दिन पहले अनुमान लगाने की क्षमता लोगों का जीवन बचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। इसका श्रेय आईएमडी द्वारा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, ऑटोमेटिक रेन गेज इंस्ट्रूमेंट्स, डॉप्लर रडार और ऑब्जर्वेटरी जैसी उन्नत तकनीक अपनाने को भी दिया जा सकता है।

स्पष्ट है कि आईएम?डी का 150 वर्ष का होना भारत जैसे देश के लिए अहम है क्योंकि वह मौसम और जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से तैयार रहना चाहता है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का पूवार्नुमान लगाना और चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में उसकी भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है। इस संदर्भ में हाल ही में जारी आईएमडी विजन डॉक्यूमेंट 2047 आने वाले वर्षों में अहम खाका पेश करने वाला होगा।

जैसा कि दस्तावेज में कहा गया है आईएमडी को मौसम और जलवायु संबंधी सूचनाओं को बेहतर बनाते हुए अतिरंजित मौसम की घटनाओं में लोगों की जान जाने पर नियंत्रण करना होगा। इसमें ग्रामीण और परिवार के स्तर पर अतिरंजित मौसम की घटनाओं का 100 फीसदी पता लगाना, तीन दिन पहले एकदम सटीक पूवार्नुमान लगाना, सात दिन पहले 80 फीसदी तक सटीक अनुमान लगाना और 10 दिन पहले तक 70 फीसदी सटीक अनुमान लगाना शामिल है।

हाल ही में लॉन्च मिशन मौसम से आईएमडी की मौसम निगरानी, मॉडलिंग, पूवार्नुमान और यहां तक कि मौसमी बदलाव को आंकने की क्षमताओं में इजाफा होने की संभावना है। दो साल के दौरान 2,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ मिशन का उद्देश्य पूरे देश में डॉप्लर रडार नेटवर्क की क्षमता को बढ़ाना है ताकि पूरी तरह रडार कवरेज कायम हो सके। इतना ही नहीं 15 रेडियोमीटर और 15 विंड प्रोफाइलर भी स्थापित किए जाने हैं ताकि सतह और ऊपरी वातावरण का ध्यान रखा जा सके। मौसम में बदलाव संबंधी शोध के लिए वेदर चैंबर स्थापित किए जाने हैं।

आईएमडी के सामने कई चुनौतियां भी कायम हैं, मसलन दीर्घकालिक मौसमी रुझानों का पता लगाना या भारी बारिश की घटनाओं या फिर बाढ़ का पता लगाना। जलवायु परिवर्तन मौसम रुझानों को नए सिरे से तय कर रहा है और शहरीकरण नई मुश्किलें पैदा कर रहा है। आईएमडी को इन जटिलताओं को हल करने में अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

# अखबारों की सुर्खी नहीं बना प्रवासी सम्मेलन

**राजनीति**

**अशोक मधुप**

भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरूआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

आठ से दस जनवरी तक चला 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अखबारों की सुखियां भी नही बन सका। उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन की कामयाबी पर न लेख लिखे गए न संपादकीय। ये सम्मेलन एक रूटिन का कार्यक्रम ही बन कर रह गया। सरकार ये वह भी नही बताया कि देश की विकास याजनाओं में बाधक देश में फैले भ्रष्टाचार को रोकने की उसकी क्या योजनाएं हैं? प्रवासी भारतीयों के भारत के विकास में योगदान के लिए आने वाले प्रोजेक्ट की अनुमति आदि की मानिटरिंग के लिए उच्च स्तर पर इसकी देखरेख करने के लिए क्या करने का इरादा हैं? उच्च स्तर पर ये भी देखा जाए कि प्रोजेक्ट की अनुमति में अनावश्यक विलंब तो नहीं किया जा रहा? रिश्वत की चाहत में उद्योगपति को परेशान तो नहीं किया जा रहा?

इस बार के प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय-ह्यविकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदानह्न जरूर रहा किंतु इसमें न कोई निर्णय हुए न कोई विशेष प्रस्ताव। प्रवासियों को भारत के चुनाव में मत देने का अधिकार है, किंतु न वे वोट बनवाने में रूचि रखते हैं, न वोट डालने में। उनसे वोट बनवाने और देश के विकास के लिए अपनी सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील की जा सकती थी किंतु वह भी नहीं की गई। 2003 से मनाना शुरू हुई प्रवासी सम्मेलन अभी तक एक औपचारिकता ही लगा।

इस प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए सीएम माझी ने कहा, ह्लओडिशा सिर्फ. अपने गौरवशाली अतीत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं जाना जाता; यह भविष्य के लिए असीम अवसरों की भूमि है।ह्व ओडिशा के निवेशक-अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अब भारत में निवेश के लिए सबसे स्वागत योग्य स्थलों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹मैं आप सभी से इन अवसरों का लाभ उठाने और अपनी मातृभूमि के विकास और समृद्धि में योगदान देने का आग्रह करता हूं। वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य के रूप में, आप दुनिया के लिए हमारे राजदूत हैं। मैं आपको ओडिशा और भारत के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में हमारे साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता हूं। हम सब मिलकर 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।₹

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ को जनवरी, सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व भारत की बात सुनता है, तथा देश अपनी विरासत के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह बताने में सक्षम है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए 70 देशों से तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं।

पीएम मोदी ने उल्लेख किया कि हम सब मिलकर भारत, भारतीयता, अपनी संस्कृति और प्रगति का उत्सव मनाते हैं और साथ ही अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 10 जनवरी के समापन सत्र में प्रवासी भारतीयों को संबाधित किया। और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है।

दुनिया भर से आए सैकड़ों प्रवासी भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के जनता मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत और इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ओडिशा की सराहना की। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि यह आयोजन राज्य की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है।

पचास वर्षों से स्लोवेनिया में रहने वाली एक प्रवासी भारतीय कोकी वेबर ने इस आयोजन में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की। वह नमस्ते नाम का एक


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

शाकद्वीपीय ब्राह्मण परिवार मंच के अध्यक्ष ब्रज बिहारी पाठक की ओर कोयलांचल वासियों एवं ब्राह्मण समाज को 76 वे गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
प्रभारी सोनू कुमार
थाना घनुवाडीह ओ पी

St.Xavier's school, Phusbanglow
Principal name- Punit Shah
Director Name- R.Peter Shah
Admission open for the session: 2025-26

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
मुकेश सिंह
जेएमएम जिला अध्यक्ष धनबाद

76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाघमारा क्षेत्र की तमाम जनता को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
सीटू मिश्रा
भाजपा युवा नेता
टांडा मिश्रा टोला
कतरास

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
इंदु प्रसाद
प्रधानाध्यापक
डीएवी पब्लिक स्कूल
मुनीडीह

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
चमेली देवी
ग्राम पंचायत पांडर
कनाली दक्षिण
मुखिया

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
तापस बनर्जी
प्राचार्य तापस बनर्जी
डेफोडिल्स बचपन एवं एकेडमी स्कूल करकेन्द बाजार धनबाद

BHAGAT SINGH PUBLIC SCHOOL
MAITHON ROAD KUMARDHUBI

76 वें गणतंत्र दिवस की तमाम धनबाद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बसंत कुमार यादव
समाजसेवी, वार्ड-20
धनबाद

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर धनबाद जिले की तमाम जनता को हार्दिक बधाई व शुभ कामनाएं।
दीप नारायण सिंह
प्रधान संयोजक यूथ फोर्स सह पूर्व टुंडी विधायक प्रत्याशी

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
निवारण महतो
धनबाद जिला कांग्रेस सचिव सह( बिहार जनता खान मजदूर संघ) डब्लू जे एरिया मुनीडीह

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
संजीत यादव
प्रमुख प्रतिनिधि
जमुआ प्रखंड
गिरिडीह

76 वें गणतंत्र दिवस की तमाम धनबाद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गिरधारी महतो
जिला सांसद प्रतिनिधि, जिला उपाध्यक्ष आजसु पार्टी, अध्यक्ष अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ।

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
टिंकू विश्वकर्मा -एकेडमिक डायरेक्टर, सुबोध कुमार कुशवाहा - मैनेजिंग डायरेक्टर, संजय कुमार - प्रधानाध्यापक, रंजीत प्रसाद वर्मा - उप प्रधानाध्यापक, इंपीरियल स्कूल ऑफ लर्निंग जमुआ ( गिरिडीह)

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजगंज क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
मनोज कुमार महतो
मुखिया, महेशपुर पंचायत, राजगंज

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भविष्यवक्ता एवं वाममार्गी तांत्रिक
डॉ. चंदन शास्त्री (तंत्र सम्राट)
डबल गोल्ड मैडलिस्ट व स्वर्ण मुकुट से सम्मानित
कार्यालय : Kismat Ka Samadhan
Office No. 403-A, City Centre, Dhanbad
9835329295
8092186531
JHARIA- 10:00 A.M to 3:00 P.M
DHANBAD- 04:00 P.M to 07:00 P.M (SUNDAY CLOSED)

कतरास थाना परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
26 जनवरी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजगंज क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
मनोज राउत
मुखिया
मेढा पंचायत

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई
बब्लू चौधरी
मुखिया, काली पहाड़ी उत्तर पंचायत


# पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।


पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
साजदा खातुन
मुखिया माड़न
पांकी पलामू।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
महेंद्र प्रसाद
चिकित्सा प्रभारी
पांकी पलामू।

पांकी विधानसभा की समस्त जनता को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
मुमताज अहमद खान
आजाद समाज पार्टी के पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी।

गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय परिवार समेत महाविद्यालय से जुड़े क्षेत्र के सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों को मंगलमय शुभकामनाएं।
अवध विहारी सिंह — प्राचार्य
सौरभ प्रकाश — सचिव सह जिला शिक्षा पदाधिकारी
डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता — अध्यक्ष सह विधायक
मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय डंडारकला
प्राचार्य अवध विहारी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय शैक्षणिक विकास पथ पर अग्रसर।
विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने को ले महाविद्यालय परिवार संकल्पित।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
कुलेश्वर राम
प्राचार्य राजकीय कृत+2 उच्च विद्यालय पांकी पलामू।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
हफीजुल अंसारी
मुखिया पति सह समाजसेवी सकलदीपा पंचायत पांकी पलामू।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
सहाना खातून
मुखिया
पंचायत पश्चिमी पांकी।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
राजकुमार प्रसाद
समाजसेवी सह व्यवसायी

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
राजकुंवर सिंह
अंचलाधिकारी
पांकी पलामू।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
राजेश रंजन
थाना प्रभारी
पांकी पलामू।

गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय परिवार समेत महाविद्यालय से जुड़े क्षेत्र के सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों को मंगलमय शुभकामनाएं।
डॉ दिलीप राम — प्राचार्य
विंदेश्वर सिंह — सचिव
कालीचरण सिंह — अध्यक्ष सह सांसद चतरा
मजदूर किसान डिग्री महाविद्यालय डंडारकला पांकी।
प्रचार्य डॉ दिलीप राम के कुशल मार्गदर्शन मे महाविद्यालय शैक्षणिक विकास पथ पर अग्रसर।
विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने को ले महाविद्यालय परिवार संकल्पित।

केकरगढ़ पंचायत समेत पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
बिनोद यादव
समाजसेवी सह पूर्व प्रतिनिधि राज्य यभ सांसद पंचायत केकरगढ़ प्रखंड पांकी पलामू।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
मिथलेश पांडेय
भावी मुखिया प्रत्याशी
पांकी पूर्वी पंचायत

पांकी प्रखंडवासियों समेत समस्त झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
लवली गुप्ता
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा पलामू।

लोहसी पंचायत समेत पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
चिंता देवी
मुखिया, पंचायत लोहरसी
पांकी पलामू।

पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
विष्णु प्रताप मिश्र
प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी पांकी पलामू।

नौडीहा पंचायत समेत पांकी प्रखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।
मुकेश सिंह
नौडीहा पंचायत 2
प्रखंड पांकी पलामू।

# 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त जिला वासियों को बधाई और शुभकामनाएं


**सरोज सिंह चौधरी**
थाना प्रभारी
टाटीझरिया।


**सुनीता देवी**
मुखिया पंचायत बादम
निवेदक : पूर्व मुखिया दीपक दास


**रोशन लाल चौधरी**
विधायक
बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र


**फुलवा देवी**
प्रमुख बड़कागांव
निवेदक :प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां


**पवन कुमार**
एसडीपीओ
बड़कागांव


**नेमधारी रजक**
थाना प्रभारी
बड़कागांव


**रामजी प्रसाद गुप्ता**
सीओ
इचाक


**संजीव कुमार बेदिया**
केंद्रीय सचिव, झामुमो


**लीलावती देवी**
मुखिया पंचायत नयाटांड़
निवेदक अजीत महतो


**संतोष कुमार**
बीडीओ इचाक


**रंजीत कुमार**
मुखिया, पंचायत
बड़कागांव पश्चिम


**संतोष कुमार**
थाना प्रभारी,इचाक


**तकरीमुल्लाह खान**
मुखिया, पंचायत
बड़कागांव मध्य


**सुबोध कुमार दास**
शास्त्रीय गायक, एवम लोक गायक , संगीत शिक्षक, हाई स्कूल मेघातरी , कोडरमा, ग्राम ,अलोंजा खुर्द इचाक हजारीबाग


**पूजा कुमारी**
मुखिया पंचायत चोपदार, बलिया
निवेदक मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी


**शिव प्रसाद मेहता उर्फ सुनील मेहता**
भाजपा जिला महामंत्री


**गणेश साव**
मुखिया पंचायत नापो खुर्द


**डॉ राधा कृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग**
निदेशक-अंजू देवी बोगा, इचाक

जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ ,बड़कागांव

**सत्येंद्र कुमार (अध्यक्ष)**
**बालेश्वर कुमार (सचिव)**

गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई

**संजय कुमार सिंह**
प्रखंड अध्यक्ष झामुमो
सह झारखंड श्रमिक संघ
हजारीबाग जिला सचिव

गिद्धौर प्रखंड प्रेमियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**आनंद कुमार**
सीएसपी संचालक ग्राम पंचायत
बारीसाखी

सिमरिया प्रखंड प्रेमियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**वार्ड सदस्य संघ सबानों पंचायत**

